Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 155

शनिवार, 07 जून -2025 (गाजियाबाद)

मूल्य-एक रुपया

शोक सन्देश

नैनं छिदन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।

अत्यन्त दु:ख के साथ आपको सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी श्रीमती सरोजनी शर्मा धर्मपत्नी स्व. श्री वेद प्रकाश शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 28 मई 2025 दिन बुधवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

जिनकी तेरहवीं दिनांक 08 जून 2025, दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम

हवन .... 8.30 बजे प्रात:

निवास : आर–10/34, राजनगर, गाजियाबाद।

ब्रह्मभोज .... 1.00 बजे दोपहर

शोक सभा .... 3.00 बजे दोपहर

आर–5/50ए, आर्य समाज मन्दिर, राजनगर, गाजियाबाद।

: शोकाकुल :

ललित कुमार शर्मा (पुत्र)
सम्पादक, वेलकम इंडिया न्यूज
सम्पादक, जिला गाजियाबाद
मो. : 9891116568

संजीव शर्मा (पुत्र)
कुमार इंटरप्राइजेज
मो. : 9268566079

Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 155 | शनिवार, 07 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

चिली में आया तेज भूकंप

एपी, सैंटियागो। उत्तरी चिली में शुक्रवार को 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, भूकंप से बुनियादी ढांचे को मामूली नुकसान पहुंचा है और 20,000 से अधिक लोगों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। अधिकारियों ने भूकंप के बाद किसी के हताहत होने की खबर नहीं दी है। किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 1:15 बजे (शाम 5:15 बजे जीएमटी) 76 किलोमीटर (47 मील) की गहराई पर आया। इसका केंद्र अटाकामा रेगिस्तान के तट के पास स्थित था। जबकि भूकंप अटाकामा रेगिस्तान के विशाल क्षेत्र में कई समुदायों में महसूस किया गया, प्रारंभिक रिपोर्टों ने तत्काल किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं की।

वक्फ संपत्तियों का होगा रजिस्ट्रेशन

and Development Act, 1995: The Central Portal
(UMEED PORTAL)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून 2025 पर अंतरिम रोक की मांग का मुद्दा लंबित रहने के बीच सरकार ने इस कानून के तहत कदम आगे बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन कानून के तहत वक्फ संपत्तियों के पंजीयन के लिए केंद्रीय पोर्टल यूनिफाईड वक्फ मैनेजमेंट, एंपावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट लॉन्च किया।

इसे संक्षिप्त में उम्मीद पोर्टल कहा जा रहा है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कहा कि उम्मीद पोर्टल भारत में वक्फ संपत्ति प्रबंधन एवं संचालन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा वक्फ का डाटा

उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ पारदर्शिता आएगी बल्कि आम मुसलमानों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भी मदद मिलेगी। यह पोर्टल वक्फ संपत्तियों की वास्तविक समय पर अपलोडिंग, सत्यापन और निगरानी के लिए एक केंद्रीयकृत डिजिटल प्लेटफार्म के रूप में काम करेगा।

अमित शाह ने किया भारतीय भाषा अनुभाग का शुभारंभ

बोले- भारतीय भाषाएं हमारी संस्कृति की आत्मा है

नई दिल्ली।

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गृह मंत्रालय के मातहत नए भारतीय भाषा अनुभाग का शुभारंभ किया। शाह के अनुसार भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना के साथ ही पहले से काम कर रहा राजभाषा विभाग अब पूर्ण विभाग बन गया है, जो प्रशासन को विदेशी भाषाओं के प्रभाव से मुक्त कराने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा। अमित शाह ने कहा कि सोचने, विश्लेषण करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया मातृभाषा में होने पर ही किसी व्यक्ति की संपूर्ण क्षमता का इस्तेमाल किया जा सकता है। उनके अनुसार सभी स्थानीय भाषाओं को ताकत देकर ही भारत को उसके चिरातन गौरवमयी स्थान पर पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी हर भाषा दूसरी भाषा के साथ पूर्णता के साथ जुड़ी है और सभी भाषाओं का विकास एक-दूसरे के बिना संभव ही नहीं है। भारत की सभी भाषा रूपी नदियां मिलकर भारतीय संस्कृति की उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाएं हमारी संस्कृति की आत्मा है और हमारी संस्कृति भारत की आत्मा हैं।उनके अनुसार भारतीय भाषा अनुभाग भारत की भाषायी विविधता को समाहित करते हुए, सभी भाषाओं को एक सशक्त और संगठित मंच प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि हमें सभी भाषाओं की भावना, समृद्धि और संवेदना को कम किए बिना टेक्नोलाजी का उपयोग करना चाहिए। ध्यान देने की बात है कि गृहमंत्री बनने के बाद अमित शाह लगातार सरकारी कामकाज में भारतीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर देते रहे हैं। पिछले बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में गृहमंत्रालय पर हो रही चर्चा का जवाब देते हुए अमित शाह ने साफ किया था कि इस साल दिसंबर के बाद वे सभी मुख्यमंत्रियों के साथ पत्राचार उनकी स्थानीय भाषा में ही करेंगे। इसी तरह से विभिन्न राज्यों के सांसदों, विधायकों और सामान्य जनता के पत्र का जवाब भी उनकी भाषा में ही देंगे।

10 साल बाद कनाडा जाएंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली।

इस महीने की 15-17 जून के बीच कनाडा के कैनानास्किस में दुनिया के सबसे अमीर सात लोकतांत्रिक देशों के संगठन जी-7 की शिखर बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी भी हिस्सा लेंगे। बैठक में हिस्सा लेने के लिए कनाडा के नए पीएम मार्क जे कार्नी ने पीएम मोदी को शुक्रवार को फोन पर बात की और उन्हें आमंत्रित किया। पीएम मोदी ने सहर्ष उनका आमंत्रण स्वीकार किया सोशल मीडिया के जरिए बैठक में हिस्सा लेने की सूचना दी। बैठक के दौरान पीएम मोदी और पीएम कार्नी के बीच मुलाकात भी होगी। यह बैठक तकरीबन दो वर्षों से दोनो देशों के रिश्तों में आये तनाव को खत्म कर सकता है। इसके पहले पीएम मोदी ने वर्ष 2015 में कनाडा की यात्रा की थी।

वर्ष 2019 से जी-7 की हर बैठक में पीएम मोदी को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाता रहा है और वह हर बार इसमें हिस्सा भी लेते रहे हैं। एक दिन पहले तक कांग्रेस की ओर से मुद्दा बनाया जा रहा था कि भारत को आमंत्रित नहीं किया गया है।

अखिलेश यादव बोले

2027 में पीडीए सरकार में ही सही ढंग से होगी जाति जनगणना

नई दिल्ली।

मीडिया से बात करते हुए यादव ने कहा कि 2027 में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) सरकार में जाति जनगणना होगी। तभी जनगणना सही तरीके से हो पाएगी। इसके अलावा अखिलेश यादव ने दावा किया कि आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का एक अधूरा संग्रहालय है, जिसे समाजवादी पार्टी की सरकार न केवल पूरा कराएगी, बल्कि लखनऊ में शिवाजी महाराज की एक भव्य प्रतिमा भी स्थापित करेगी। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि जाति जनगणना 2027 में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) सरकार के तहत ही ठीक से की जाएगी। मीडिया से बात करते हुए यादव ने कहा कि 2027 में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) सरकार में जाति जनगणना होगी। तभी जनगणना सही तरीके से हो पाएगी। इसके अलावा अखिलेश यादव ने दावा किया कि आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का एक अधूरा संग्रहालय है, जिसे समाजवादी पार्टी की सरकार न केवल पूरा कराएगी, बल्कि लखनऊ में शिवाजी महाराज की एक भव्य प्रतिमा भी स्थापित करेगी।

गाजा पर कहर बनकर टूट रही इजरायली सेना

यरुशलम। इजरायल की तरफ से गाजा पट्टी में हमले जारी हैं। उसके ताजा हवाई हमले में सोमवार को महिलाओं और बच्चों समेत 14 लोग मारे गए। इससे एक दिन पहले गाजा में खाद्यान्न सामग्री के लिए जुटे फलस्तीनियों पर इजरायली सैनिकों की फायरिंग में 31 लोग मारे गए थे। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी गाजा के जाबालिया शरणार्थी शिविर में हुए हमले में मारे गए लोगों में पांच महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं। फिलहाल इजरायली सेना की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इजरायल का कहना है कि वह केवल आतंकियों को निशाना बनाता है और नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने की कोशिश करता है। अक्टूबर से जारी है इजरायल गाजा के बीच संघर्ष।

इंडियन नेवी में इस दिन शामिल होगा आइएनएस अनार्ला

नई दिल्ली।

देश का पहला पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आइएनएस अनार्ला नौसेना में 18 जून को शामिल होगा। यह आत्मनिर्भर भारत का बेहतरीन उदाहरण है। इस युद्धपोत में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इसका नाम महाराष्ट्र के ऐतिहासिक किले 'अनार्ला' के नाम पर रखा गया है, जो भारत की समृद्ध समुद्री विरासत का प्रतिबिंब है। 77 मीटर लंबे इस युद्धपोत को पानी के भीतर निगरानी, खोज और बचाव कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है। इस युद्धपोत के शामिल होने से नौसेना की उथले पानी की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह तटीय इलाकों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि नौसेना के पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्लू एसडब्ल्यूसी) आइएनएस अनार्ला का कमीशनिंग समारोह विशाखापत्तनम में होगा।

कश्मीर में पीएम मोदी की टिप्पणी से तिलमिलाया पाकिस्तान

इस्लामाबाद।

जम्मू-कश्मीर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणियों से पाकिस्तान फिर तिलमिला गया है और उसने टिप्पणियों पर निराशा व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को कटड़ा में एक रैली के दौरान पहलगाम आतंकी हमले के जरिये पाकिस्तान पर ''इंसानियत और कश्मीरियत'' को निशाना बनाने का आरोप लगाया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने मोदी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री की आधारहीन और भ्रामक टिप्पणियों को दृढ़ता से खारिज करता है। पाकिस्तान के

विदेश कार्यालय ने कही ये बात

विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''हम इस बात से काफी निराश हैं कि भारत के प्रधानमंत्री ने एक बार फिर बिना किसी विश्वसनीय सुबूत के पाकिस्तान पर पहलगाम हमले में शामिल होने का आरोप लगाया है।'

पीएम ने पाक पर जमकर साधा निशाना

मानसून की रफ्तार पर लगा ब्रेक, फिर बढ़ेगा पारा

नई दिल्ली।

पिछले सप्ताह तक उत्तर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहे मानसून पर ब्रेक लगने के साथ ही मैदानी इलाके का मौसम फिर से गर्म होने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ और वर्षा में कमी के चलते तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।

अगले एक सप्ताह तक बारिश की स्थिति नहीं बनने वाली है। इसके चलते दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, झारखंड, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ का तापमान फिर चढ़ने लगेगा, जो मानसून के दोबारा सक्रिय होने के बाद ही गिरेगा। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) का मानना है कि 11 जून तक उत्तर से लेकर मध्य एवं पूर्वी भारत का मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा। गर्मी बढ़ जाएगी। 12 जून से मानसून फिर तेजी से आगे बढ़ना शुरू करेगा और जल्द ही बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पहुंच जाएगा। मौसम में अनिश्चितता के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर में पश्चिमी विक्षोभ के लगातार आते रहने के कारण पूरे देश में प्री मानसून बारिश अच्छी होती रही। अप्रैल-मई में भी गर्मी अपना असर नहीं दिखा सकी। केरल में समय से आठ दिन पहले मानसून का आगमन हो गया।

गाजा की लड़ाई में इजरायल के चार सैनिकों की मौत

यरुशलम।

गाजा में जारी लड़ाई में शुक्रवार को हमास के हमले में इजरायली सेना के चार सैनिकों की मौत हो गई और एक सैनिक घायल हुआ है। जबकि इजरायली सेना के कई स्थानों पर हमलों में 16 फलस्तीनी मारे गए हैं।

इजरायली सेना ने इन लोगों के मारे जाने का कोई कारण नहीं बताया है। इस बीच गाजा में खाद्य सामग्री का वितरण कर रही संस्था जीएचएफ ने अपने पास उपलब्ध सारी सामग्री अभावग्रस्त लोगों में वितरित कर दी है। अमेरिका और इजरायल के समर्थन वाली यह संस्था गाजा में चार स्थानों पर सामग्री का वितरण कर रही थी, लेकिन गोलीबारी की लगातार हो रही घटनाओं में 80 लोगों के मारे जाने के बाद संस्था ने बुधवार को काम बंद कर दिया था। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के दबाव के चलते अब फिर से गाजा में खाद्य सामग्री के वितरण के लिए इस संस्था को तैयार करने की कोशिश हो रही है। लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी भाग में हिजबुल्ला के प्रभाव वाले उपनगर में शुक्रवार को इजरायल ने बमबारी की। दाहिये नाम के इस उपनगर में थोड़ी-थोड़ी देर में 10 बार हमले किए गए। हमले से करीब 90 मिनट पहले इजरायली विमानों ने इलाका खाली करने के पर्चे गिराए थे।

संपादक की कलम से

सतर्कता के फाटक

खुली दीवारों के महल को चाहिए, बस एक चौकस निगाह अमल की। पिछले कुछ समय से राज्य की चौकसी को धमकियां मिल रही हैं। जिलाधीश कार्यालयों के बाद अब प्रदेश सचिवालय की मांद में छेद ढूंढने की धमकी मिली है, तो सतर्कता के पैमाने बदलने पड़े। सचिवालय में प्रवेश के फाटक सख्त होंगे। सरकार से मुलाकात की दोपहर, अब सूरज को रोक लेगी, तेरी चांदनी में इतना ग्रहण तो बाकी है। हिमाचल में चौकसी के कई मजबूत दरवाजों की जरूरत है। ढर्रा बदलना पड़ेगा हर मुलाकात पे अब पहरा जरूरी है। अपराध के सींग नहीं होते, फिर भी यह जख्म की बारात ले के चलता है। चौकसी के खुलेपन में हिमाचल की सरहदें बिखरी हैं। कहां तो हम चीन के सामने अपने अंतिम छोर पर खड़े हैं और कहां हमारे वजूद तक पहुंचने लगी हैं देश के खिलाफ हर चुनौती की आहट। हिमाचल एक संवेदनशील राज्य है और अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी हर गूंज का निशाना यहां से देखा व सुना जा सकता है। पाकिस्तान के आकाश पर देखी गई हर आक्रामक घटना से यहां आंखें लाल होती हैं। सैन्य पृष्ठभूमि की औलाद होने के नाते, राष्ट्रीय भावना तप के फौलाद होती है। आते हैं लाल जंग से तिरंगे में लिपट कर, तू अपने नाड्डा के कंधे को नई पहचान दे। हिमाचल में धमकी भरे संदेश, विदेश की धरती से उड़ाए गए गुब्बारों की हवा और जासूसी के जाल में फंस गया देहरा का युवा, बेचैन करता है। अपराध के तंत्र और देश के खिलाफ षड्यंत्र अब हमारे भोलेपन से हमारी ही सुरक्षा छीन ले, तो यह हमारे आत्मबल के खिलाफ है। देश की हिफाजत में हिमाचल का इतिहास अपने भविष्य के सफर पर शिथिल नहीं हो सकता। हमें व्यवस्था की पुरानी आदत में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे और यह धार्मिक स्थलों की परिपाटी, पर्यटन की थाती और समाज की कसौटी में भी अनिवार्यता जोड़ रही है। आदतन हिमाचल का समाज ऐसे तत्वों से मैत्री भाव नहीं रखता, लेकिन बीस साल का एक छोकरा अगर देश से गद्दारी करने का दुस्साहस कर सकता है, तो सोशल मीडिया में बैठा शत्रु भाव किसी को भी उद्वेलित कर सकता है। चुनौती उस अभाव से है, जो युवा पीढ़ी को कई तरह से डस रहा है। यह अभाव बिगड़ती संगत के दुराग्रह में चिट्टे के रूप में पनप रहा है। यह कुछ ग्राम का खेल नहीं, एक पूरी पीढ़ी को समाज और देश के खिलाफ खड़े करने का कुचक्र है। चिट्टा लंबी दूरियों और नाकों को लांघ कर अगर हमारे घर की दीवार में छेद कर सकता है, तो इस आदत से पैदा हो रहे मानवता के अभाव कितने वीभत्स कृत्य कर सकते हैं, कौन जानता। हम पर्यटन की राहों को महज पर्यटन न समझें। धार्मिक स्थल पर आए मेहमानों को पाक न समझें। चौकसी का शिखर सचिवालय के चंद घंटे या विजिटर की पहचान तक ही काफी नहीं। हिमाचल के हर विजिट और विजिटर पर निगाह होनी चाहिए। बहुत जरूरी है नाइट की पेट्रोलिंग और यह काम पुलिस नेतृत्व में चौकसी के आदर्शों से ही पूरा होगा। विडंबना यह है कि एक मौत प्रकरण की जांच ने शिमला के आला पुलिस अधिकारियों के आपसी टकराव से विश्वास के माहौल को चोट पहुंचाई है। अगर एक एसपी स्तर के अधिकारी को अदालत में अपनी पैरवी से, अपनी इज्जत मापने का जरिया ही पसंद करना पड़े, तो व्यवस्था के नैन–नक्श किस दर्पण में देखे जाएं। फिर भी लदरौर पुलिस चौकी के प्रभारी एएसआई संजीव को बाहरी राज्यों के पर्यटकों को हिमाचल का शिष्टाचार, संवेदनाएं, सरोकार और सादगी समझाते देखा जाए, तो यकीन होता है कि चौकसी का कोई चौराहा नहीं होता, यह तो तहजीब है जिंदा लोगों की।

ललित शर्मा
संपादक

पाक को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दोहरी जिम्मेदारी मिलना भारत की कूटनीतिक हारया आतंकवादरोधी मुहिम को झटका?

गोंदिया

पाकिस्तान को मिला
'आतंकवाद' रोकने की
ज़िम्मा ?

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ के देशों की गुटबाजी, छोटी-छोटी बातों पर घमासान, व एक दो देशों का वैश्विक लीडर बनने की चाहत से, कहीं विश्व का माहौल तो बिगड़ नहीं रहा हैक्योंकि रूस यूक्रेन इसराइल हमास थाईलैंड कंबोडिया भारत पाकिस्तान व अमेरिका ईरान कुछ खाड़ी देश तो इधर साउथ व नॉर्थ जापान सहित अनेको देशों के विवाद चल रहे हैं, मेरा मानना है कि कुछ छोटे देशों के पीछे कोई ताकत जरूर होगी जो उसे उकसा रही है या लड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, अभी हाल ही में यूक्रेन द्वारा रूस में करीब 5000 किलोमीटर अंदर घुसकर ड्रोन हमलों से पांच एयरबेसों व एक बड़ी पुल तबाह करना मामूली बात नहीं है, इसके पीछे कौनसी ताकत है, हम सब जानते हैं !आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दिनांक 4 जून 2025 को देर शाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान को यूएनएससी आतंकवादरोधी समिति का उपाध्यक्ष व तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष बना दिया है, जिस पर भारत सहित पूरी दुनिया भौचकी रह गई है, यानें अब सईंयाँ भए कोतवाल तो अब डर काहे काजिनको इस कहावत का अर्थ न मालूम हो वह जान लें कि इसका मतलब है कि जब घर का ही कोई आदमी पुलिस, प्रशासन या सरकार में अच्छे ओहदे पर हो तब आप नियम, कानून को ठेंगा दिखा कर कुछ भी पा सकते हैं ।

बता दें अभी अमेरिका ने दो दिन पूर्व ही 12 देशों की परमानेंट व 6 देशों की आंशिक लिस्ट जारी की है जो अमेरिका में नहीं जा सकते, मीडिया के अनुसार उसमें पाकिस्तान का भी नाम था पर एन मौके पर अंत में उसका नाम काट दिया गया और फिर आज नई लिस्ट जारी कर दी गई, दो समितियों के उच्च पोस्ट पर पाकिस्तान की नियुक्ति पर मैं खुद हैरान हूं।चूँकि पाक को यूएनएससी के दो आतंकवाद रोधी समितियों का अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद देना वैश्विक आतंकवादरोधी ढांचे की विश्वसनीयता पर चिंता का विषय है, तथा पाक को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दोहरीजिम्मेदारी मिलना भारत की कूटनीतिक हारया आतंकवादरोधी मुहिम पर झटका हैइसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जब सईंयाँभए कोतवाल तो अब डर काहे काभारत के वैश्विक जीरो टॉलरेंस आतंकवादरोधी मुहिम को झटकापाकिस्तान को यूएनएससी आतंकवादीरोधी समिति का उपाध्यक्ष व तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष चुना गया !

साथियों बात अगर हम पाक को संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए दो महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त करने की करें तो, आतंक फैलाने वाले पाक को यूएनएससी में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है पाक को मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। तालिबान प्रतिबंध समिति को 1988 समिति के तौर पर भी जाना जाता है। और आतंकवादरोधी समिति का उपाध्यक्ष भी बनाया गया है। दरअसल, पाक फि लहाल दो सालों के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति का अस्थायी सदस्य है, अब उसे इसकी दो समितियों में जगह मिली है, यूएनएससी की आतंक-विरोधी समिति का क्या महत्व हैसुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र के छह अहम अंगों में से एक है, इस परिषद की प्राथमिक ज़िम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय स्तरपर शांति और सुरक्षा बनाए रखना है, इसके कुल पांच स्थायी और दस अस्थायी सदस्य हैं।स्थायी देशों की सूची में अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और चीन का नाम शामिल है, बाकी के दस अस्थायी सदस्यों का चुनाव संयुक्त राष्ट्र महासभा करती है, ये चुनाव दुनियाँ के अलग-अलग हिस्सों को प्रतिनिधित्व देने के हिसाब से तय किया गया है, जैसे- अफ़्रीकी और एशियाई देशों के लिए पांच सीटें तय हैं और एक सीट पूर्वी यूरोपीय देश के लिए, दो सीटें लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के लिए रिजर्व हैं, वहीं एक- एक सीट पश्चिमी यूरोपीय और किसी दूसरे क्षेत्र के देश को दी जाती है। बात आतंक-विरोधी समिति की करें तो ये समिति सीधे तौर पर वैश्विक आतंकवाद, चरमपंथ और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हैं। हालांकि, इन समितियों में पाकिस्तान क्या कर सकता है तो बता दे, पाक बहुत सीमित स्तर तक ही कुछ कर पाएगा क्योंकि सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं, समिति का अध्यक्ष या उपाध्यक्ष अकेले कोई भी फैसला नहीं ले सकता। परंतु पाकिस्तान काआतंकवादरोधी शीर्ष पदों पर होना ताजू की बात है।

साथियों बात अगर हम भारत में ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक को फंडिंग की करें तो, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीते 9 मई को, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाक को बेलआउट पैकेज के रूप में एक अरब डॉलर की किश्त की मंजूरी दे दी, ऑपरेशन सिंदूर के ठीक बाद वर्ल्ड बैंक ने पाक को 40 बिलियन डॉलर देने का निर्णय लिया, फिर एशियन डेवलपमेंट बैंक ने पाक को 800 मिलियन डॉलर दिए, और अब 4 जून को पाक को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष और आतंकवाद-रोधी समिति का उपाध्यक्ष चुना गया, पाक के संदर्भ में हुई इन सभी डेवलपमेंट्स को कांग्रेस नेता ने सामने रखा है और भारत की विदेश नीति के पतन से जोड़कर देखा है, साथ ही उन्होंने वैश्विक समुदाय पर भी सवाल खड़े किए हैं वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष ने भी इस विषय पर अपनी चिंताएं जाहिर की हैं, उन्होंने कहा है कि पाकको संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 15 सदस्यीय आंतकवाद-रोधी समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त करना और तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष बनाना दुर्भाग्यपूर्ण, गलत सूचना पर आधारित और अस्वीकार्य है। जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए हमले के लिए भारत पाकिस्तान को ज़िम्मेदार ठहराता है, इससे पहले भी अलग-अलग मौकों पर, मसलन साल 2016 में उरी में भारतीय सैनिकों पर हमला, साल 2019 में पुलवामा में हुआ विस्फोट या फिर साल 2008 में मुंबई के होटलों पर हुए हमले के बाद भी भारत ने पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा किया था, जबकि पाक इससे इनकार करता रहा है. भारत लंबे समय से खुद को 'आतंकवाद से पीड़ित' देश बताता रहा है और पाक पर सीमा पार आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाता रहा है, हाल ही में भारत और पाक के बीच हुए संघर्ष के बाद भारतीय सांसदों के सात अलग-अलग शिष्टमंडलों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा किया, पीआईबी की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज के मुताबिक, इस दौरे का मकसद ऑपरेशन सिंदूर और सीमापार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई के बारे में सदस्य देशों को अवगत कराना था, जहां एक तरफ भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के समक्ष सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाकर पाकिस्तान को घेरने की कोशिश में जुटा था, वहीं दूसरी तरफ पाक को इसी यूएनएससी के आतंकवाद-रोधी समिति का उपाध्यक्ष चुन लिया गया।एक अंग्रेजी अखबार में डिप्लोमैटिक एडिटर ने लिखा है कि शायद इन्हीं कारणों से भारत में एक बिल्कुल ही असहजता की स्थिति नजर आ रही है।

साथियों बात अगर हम अपनी नियुक्ति पर पाक पीएम की प्रतिक्रिया की करें तो, पाक इन नियुक्तियों को एक बड़ी जीत के रूप में पेश कर रहा है, पाक पीएम ने कहा है कि ये उनके देश के लिए बहुत गर्व की बात है, उन्होंने एक्स पर किए एक पोस्ट में लिखा है, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में महत्वपूर्ण नियुक्तियां प्रमाणित करती हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की आतंकवाद-रोधी कोशिशों पर पूरा भरोसा है, वो इस बात को स्वीकारते हैं कि हम इस वैश्विक खतरे को मिटाने के लिए मजबूती और अटूट प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं, आगे कहा कि पाक उन देशों में से एक है जो आतंकवाद से सबसे अधिक पीड़ित हैं, आतंकवाद के कारण अब तक देश में90, हजार लोगों की जान जा चुकी है, देश को 150 बिलियन डॉलर से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हो चुका है, इस संकट से लड़ने में पाकिस्तान का बलिदान अद्वितीय रहा है, ऐसी ही मिलती-जुलती बातें पाक के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पूर्व विदेश मंत्री जैसे नेताओं ने भी की हैं, पर भारत ने इसे लेकर खासी आपत्ति जताई है।

डॉ.राजीव डोगरा

अनंत सनातन

कविता

दिन बीत जाते हैं
मगर नहीं बीतता
वह लम्हा
जो हमें अपने ईश के समीप ले जाता है।

अवधि बीत जाती है
मगर नहीं बीतता
वह पल
जो हमें जड़ता से
चेतन की ओर सदा के लिए ले जाता है।

समय बीत जाता है
मगर नहीं बीतता
वह क्षण
जो हमें शाश्वत के करीब ले जाता है।

वक़्त बीत जाता है
मगर नहीं बीतता
वो निमिष
जो हमें अविनाशी के निकट ले जाता है।

इतिहास की परतों में छुपी स्त्री, संस्कृति और सभ्यता का पुनर्पाठ

प्रियंका सौरभ

हरियाणा स्थित राखीगढ़ी हड़प्पा सभ्यता का सबसे बड़ा स्थल है, जहाँ से मिले 4600 साल पुराने महिला कंकाल, शंख की चूड़ियाँ और ताम्र नृत्यांगना की प्रतिमा सभ्यता में स्त्री की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हैं। डीएनए विश्लेषण ने आर्य आक्रमण सिद्धांत पर सवाल उठाए हैं और भारत की सांस्कृतिक निरंतरता को सिद्ध किया है। राखीगढ़ी अब केवल एक पुरातात्विक खोज नहीं, बल्कि भारत के अतीत की आत्मा से संवाद का जीवंत माध्यम है। हरियाणा के हिसार जिले का एक सामान्य-सा गांव राखीगढ़ी, अब वैश्विक पुरातात्विक विमर्शों का केंद्र बन चुका है। 1997-99 के दौरान हुए उत्खननों ने इसे हड़प्पा सभ्यता के सबसे बड़े स्थलों में गिना जाना शुरू किया, और 2012 में विश्व विरासत कोष की खतरे में पड़ी धरोहरों की सूची में इसकी उपस्थिति ने वैश्विक ध्यान खींचा। परन्तु इसके बाद जो मिला झ एक महिला का 4600 वर्ष पुराना कंकाल, उसके बाएं हाथ की शंख की चूड़ियाँ, और ताम्र की बनी एक नृत्यांगना प्रतिमा झ उन सभी ने इतिहास और पुरातत्व के स्थापित आख्यानों को चुनौती देना शुरू कर दिया। राखीगढ़ी से मिला स्त्री कंकाल सिर्फ एक पुरातात्विक खोज नहीं है, यह उन असंख्य मौन स्त्रियों की प्रतीकात्मक उपस्थिति है जिन्हें सभ्यता की कहानी से सदा बाहर रखा गया। यह कंकाल लगभग 4600 वर्ष पुराना है, और अद्भुत रूप से संरक्षित अवस्था में मिला। उसकी बाईं कलाई पर शंख की चूड़ियाँ मिलीं झ यह उस समय के सामाजिक-सांस्कृतिक प्रतीकों की ओर संकेत करती हैं।

डीएनए विश्लेषण से यह पता चला कि इस महिला के आनुवंशिक संबंध प्राचीन ईरानियों और दक्षिण-पूर्व एशियाई शिकारी-संग्राहकों से तो हैं, लेकिन स्टेपी चरवाहों से कोई संबंध नहीं मिला झ जिनसे अक्सर भारत में आर्यों के आगमन को जोड़ा जाता है। यह निष्कर्ष आर्य आक्रमण सिद्धांत को एक बड़ा झटका देता है और यह संकेत देता है कि भारतीय उपमहाद्वीप में सांस्कृतिक विकास अपनी निरंतरता में हुआ। मोहेंजोदाड़ो की विश्वप्रसिद्ध कांस्य नर्तकी की तरह, राखीगढ़ी से भी एक ताम्र प्रतिमा मिली है जिसे ₹डांसिंग गर्ल₹ कहा जा रहा है। यह मूर्ति न केवल सौंदर्यबोध और कलात्मकता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि उस काल में नारी की उपस्थिति सांस्कृतिक और सार्वजनिक जीवन में कितनी सशक्त रही होगी। यह मान्यता को चुनौती देती है कि प्राचीन सभ्यताओं में स्त्रियां केवल घरेलू क्षेत्र में सीमित थीं। कंकाल मिलने के स्थल पर अग्निवेदिकाओं के अवशेष भी मिले हैं, जो यह संकेत करते हैं कि शवदाह की परंपरा उस समय भी प्रचलित थी। अग्नि, जिसे वैदिक परंपरा में शुद्धिकरण और संस्कार का प्रतीक माना गया है, उसका हड़प्पा काल में इतना महत्वपूर्ण स्थान होना यह दशार्ता है कि वैदिक और हड़प्पा परंपराएं एक-दूसरे से पूर्णतः असंबंधित नहीं थीं। कुछ विद्वान मानते हैं कि महाभारत युद्ध लगभग 5000-5500 वर्ष पूर्व हुआ था। यदि यह मान लिया जाए, तो राखीगढ़ी की स्थापना इस युद्ध से पहले की मानी जा सकती है। एक किंवदंती यह भी है कि महाभारत युद्ध में वीरगति को प्राप्त सैनिकों की विधवाएं यहीं शरण लेने आई थीं, और यही से इस स्थान का नाम राखीगढ़ी पड़ा झ राख यानी मृत्यु की राख, और गढ़ी यानी शरण। ऐसी मिथकीय व्याख्याएं ऐतिहासिक सत्य नहीं हैं, परंतु वे यह दशार्ती हैं कि स्थानीय जनमानस में राखीगढ़ी की सांस्कृतिक स्मृति कितनी गहरी है। राखीगढ़ी से मिले महिला कंकाल का जीनोमिक विश्लेषण केवल पुरातत्व नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास-लेखन में एक बड़ा मोड़ है। स्टेपी डीएनए की अनुपस्थिति सीधे उस विचारधारा को चुनौती देती है जिसने लंबे समय तक आर्य आक्रमण को भारत में सभ्यता के आगमन का कारण बताया। इस अध्ययन ने इतिहास, नृविज्ञान और भाषाविज्ञान के विशेषज्ञों को एक बार फिर यह सोचने पर विवश किया है कि क्या आर्य बाहर से आए थे या यहीं के थे? क्या वैदिक संस्कृति और हड़प्पा संस्कृति में कोई टकराव नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक प्रवाह था? राखीगढ़ी की खोजों के परिणाम अब एनसीईआरटी जैसे शैक्षिक निकायों के पाठ्यक्रम में भी दिखाई दे रहे हैं।

बच्चों के लिए मां के दूध के समान है मातृभाषा

विजय गर्ग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूर्व प्राथमिक से पांचवीं कक्षा तक मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की पहल कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। मातृभाषा में शिक्षा मिलने से बच्चा आसानी से विषय को समझ पाता है। उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस तरह मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा बच्चे के बौद्धिक विकास में सहायक होती है। मातृभाषा प्राथमिक शिक्षा का स्वाभाविक और सर्वाधिक समर्थ माध्यम है। बच्चे चूंकि मातृभाषा अथवा घर में बोली जाने वाली भाषा जल्द से जल्द सीख लेते हैं इसलिए शिक्षा के माध्यम को परिचित भाषा में ढालने में सहायता मिलती है और भाषा शिक्षण की पद्धति को वैज्ञानिक ढंग से लागू करने की राह सुगम होती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा की सिफारिश के अनुसार कक्षा एक से पांच तक बच्चा अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करेगा। इस दौरान वह अपनी पसंद के मुताबिक एक दूसरी भाषा भी पढ़ेगा। जब वह छठी कक्षा में जाएगा तो वह तीसरी भाषा पढ़ेगा। बुनियादी चरण में यानी पूर्व प्राथमिक से दूसरी कक्षा और आयु की दृष्टि से तीन से आठ वर्ष में पढ़ाई मातृभाषा में होनी है। इस चरण में बच्चे पहली भाषा यानी मातृभाषा में पढ़ना लिखना समझना सीखेंगे। दूसरी भाषा को महज मौखिक रूप से बच्चों से परिचित कराया जाना है। तीसरी से पांचवीं कक्षा की आयु यानी करीब 11 वर्ष तक के बच्चे दूसरे विषयों की पढ़ाई भी मातृभाषा में करेंगे। यदि छात्र मौखिक भाषा (दूसरी भाषा) में पर्याप्त दक्षता प्राप्त कर लेते हैं तो उन्हें परिवर्तन की अनुमति दी जा सकती है। एक बहुभाषिक देश होने के कारण भारत में भाषा-प्रयोग की दृष्टि से एक बड़ी चुनौती यह है कि ऐसी कई भाषाएं हैं जिनकी कोई अपनी लिपि नहीं है और वे अभी भी मौखिक रूप में ही प्रचलित हैं। इसीलिए जहां मातृभाषा में लेखन की परंपरा न हो, जहां कक्षा में भाषाई विविधता हो, वहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिवर्तन की छूट दी गई है। इससे मातृभाषा और बहुभाषावाद दोनों को बढ़ावा मिलेगा। इसे ध्यान में रखने की जरूरत है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भाषाओं को एक-दूसरे की किसी प्रतिद्वं?द्विता में नहीं रखती, न वह उन्हें बांधती या रोकती ही है। वह उन्हें अपने विकास के लिए मुक्त करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की गई है, जहां बहुभाषावाद का न केवल स्वागत किया जाएगा, बल्कि सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए इसका लाभ उठाया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सहज, स्वाभाविक और नैसर्गिक प्रक्रिया के तहत दूसरी भाषाएं भी सीखने-सिखाने की सुविधा देती है। भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है। संविधान की आठवीं अनुसूची में अभिलिखित 22 भाषाओं के अतिरिक्त कई अन्य भाषाएं भी हैं। भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत की अनेकानेक मातृभाषाओं में स्कूली शिक्षा का जो विकल्प दिया है, उसे पूरा करने की दृष्टि से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा हाल में जारी किए गए भारतीय भाषाओं में प्राइमर और तेरह भाषाओं में विशेष मॉड्यूल बेहद उपयोगी होंगे। अब तक 13 भाषाओं में प्राइमर तैयार किए जा चुके हैं, जिनमें कश्मीरी (फारसी-अरबी), सिंधी (देवनागरी), सिंधी (फारसी-अरबी), कश्मीरी (देवनागरी), बाल्टी, संताली, जेमी, उर्दू, संगतम, लाई (पावी), गोंडी-तेलुगू, भीली (वागड़ी) और चोकरी शामिल हैं। कुल प्राइमर की संख्या 117 हो गई है। भारतीय भाषाओं में ये प्राइमर केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल) और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विकसित किए गए हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल ने आयोजित की आईआईटी दिल्ली की प्रेरणादायक एवं एजुकेशनल ट्रिप

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

नूरपुर : गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल ने 5 जून 2025 को अपने छात्रों के लिए एक दिवसीय आईआईटी दिल्ली की एजुकेशनल ट्रिप का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक, आईआईटी दिल्ली से रूबरू कराना था जिससे उनमे आगामी भविष्य के लिए उत्सुकता बनी रहे और वे प्रत्यक्ष रूप से इन चीजो का अनुभव कर सकें।

इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने आईआईटी दिल्ली के कैंपस का दौरा किया। अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं को देखा और उनकी कार्यप्रणाली को समझा, विशेष व्याख्यानों में भाग लिया। आईआईटी दिल्ली के प्रख्यात प्रोफेसरों से बातचीत कर छात्रों को भविष्य के करियर से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही उन्होंने कैंटीन में भोजन का आनंद भी लिया और इस पूरी यात्रा ने छात्रों के मन में उच्च शिक्षा और नवाचार के प्रति जागरूकता और प्रेरणा जगाई।

भ्रमण के अंत में छात्रों ने दिल्ली के ऐतिहासिक इंडिया गेट का भी भ्रमण किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंध निदेशक मन्दीप सिंह ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं बच्चों में नई ऊर्जा, उत्साह और दिशा प्रदान करती हैं। यह उन्हें न केवल प्रेरित करती हैं बल्कि भविष्य की चुनौतियों से भी परिचित कराती हैं।

यात्रा के दौरान प्रबंध निदेशक मंदीप सिंह स्वयं छात्रों के साथ उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मार्गदर्शन हेतु मौजूद थे। गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल समय-समय पर इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। जिससे छात्रों को वास्तविक जीवन का अनुभव एवं व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त हो सके।

मुसलमान कानूनी वैध जानवरों की कुबार्नी ही करते है:फरहत अली खान

गुलजार आलम वेलकम इंडिया

रामपुर। अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खां ने ईद उल अजहा में अल्लाह को पंसद इस मुबारक महीने में मुसलमान कानूनी वैध जानवरों की कुबार्नी ही करते हैं। वहीं अल्लाह को शजरकारी भी बहुत पसंद हैं।

नबी का फरमान हैं कि कयामत हो और सूरज सवा गज पर हो और जरा सा भी मौका मिले तो हरा पेड़ जरूर लगा दो। उन्होने कहा कि ईद जिसे हम बकरा ईद कहते हैं अगर इस ईद पर हर कुबार्नी करने वाला भारतीय मुसलमान कुबार्नी करें। वहां पर एक पेड़ अल्लाह के नाम से जरूर लगाये क्योंकि जब हम अल्लाह को राजी और खुश करने के लिए वैध पशुओं की कुबार्नी देते हैं तब अल्लाह को राजी खुश और अपने आने वाली जिन्दगियों में खुशहाली लाने के लिए शजरकारी यानि वृक्षारोपण भी जरूर कर सकते हैं। यह सदका ए जारिया हैं जब तक पेड़ रहेगा और उसके फल, छाया या परिंदे या प्राणियों को राहत मिलेगी तब तक इसका सवाब मिलता रहेगा। हमें इस वक्त अल्लाह और प्राकृति को राजी करने के लिए यह जरूरी फरीजा अंजाम देने की सख्त जरूरत हैं। इंसानियत का बड़ा पैगाम भी हैं जो साहिए ए हैसियत वह हज, जकात या कुबार्नी कर रहे हैं। मगर हर मुसलमान नहीं कर सकता लेकिन हर मुसलमान एक पेड़ अल्लाह के नाम से जरूर लगा सकता हैं अगर ऐसा किया तो भारत देश की धरती का कौना-कौना सरबज यानि हरा भरा होगा।

त्यौहारों पर जिला पंचायज राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलायेगी

गुलजार आलम वेलकम इंडिया

रामपुर। त्यौहारों पर जिला पंचायज राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलायेगी। जून, जुलाई, अगस्त व सितंबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।

जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि जून से सिंतबर माह तक ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। उन्होने कहा कि ईद उल अदहा, अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस, मोहर्रम, नाग पंचमी, रक्षा बंधन, स्वतंत्रता दिवस, बाराफात, विश्वकर्मा दिवस, महाराजा अग्रसेन जयंती तक ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलेगा। उक्त त्यौहारों पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिव मंदिरों पर साफ-सफाई का कार्य कराया जायेगा। मंदिरो पर लगने वाले मेला कार्यक्रमों में विशेष साफ-सफाई एवं पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था की जायेगी। ग्राम पंचायत में निर्मित सामुदायिक शौचालय क्रियाशील रहेंगे। ग्राम पंचायतों में जलभराव वाले स्थलों का चिन्हीकरण एवं समुचित निस्तारण की व्यवस्था की जायेगी। ग्राम के चिकित्सालयों, धार्मिक स्थलों, विद्यालयों व अन्य सार्वजनिक भवनों में विशेष सफाई अभियान कराया जायेगा। सफाई अभियान के लिए आवश्यक श्रमिकों व मशीनों का प्रयोग किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश के वृंदावन में मां ज्वाला धाम के बैंकट हॉल में ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया

Swami Vivekanand
Open National
TAEKWONDO
CHAMPIONSHIP
202

वेलकम इंडिया महमूद रजा

यह चैंपियनशिप 1 जून से लेकर 3 जून तक खेली गई इस चैंपियनशिप में लगभग 7 से 8 राज्यों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिस्म की उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल होकर जिला बिजनौर क खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिस्म की सब जूनियर कैटिगरी में दिव्यांशी पाल हर्ष राजपूत अर्णव तोमर नए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। क्रेडिट कैटेगरी में राघव वर्मा परीक्षा सईदा नवाज अली प्रतीक पार्थ चौधरी तनु रानी सिल्वर मेडल पर कब्जा किया वहीं जूनियर वर्ग में निशांत तोमर विशेष सैनी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया हिमांशी भावदीप दर्श चौधरी ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया नजीबाबाद पहुंचने पर पूरी टीम का जोरदार स्वागत किया गया सभी अभिभावक अपने बच्चों को लेकर बहुत खुश है और टीम कोच रिंकू वर्मा को टीम मैनेजर मीनाक्षी चौधरी जी को सभी अभिभावकों ने बधाई दी इस स्तर पर नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी आदर्श नगर के अध्यक्ष मोहम्मद अरशद ने सभी बच्चों को मेडल बनाकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर जिला बिजनौर के सभी सम्मानित ताइक्वांडो कोच जिसमें की बृजेश अनमोल हिमांशु भारती बिजेंदर विक्रम वीरेंद्र ने मैं अपना आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

रामपुर की अवाम से अपील करते हुए कहा कि ईद उल अजहा का त्यौहार ऐसे मनाये जिससे किसी दूसरे मजहब के व्यक्ति को कोई परेशानी न हो

गुलजार आलम वेलकम इंडिया

रामपुर। राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन के जिलाध्यक्ष मौलाना बिलाल ने रामपुर की अवाम से अपील करते हुए कहा कि ईद उल अजहा का त्यौहार ऐसे मनाये जिससे किसी दूसरे मजहब के व्यक्ति को कोई परेशानी न हो।

प्रेस को जारी बयान में मौलाना बिलाल ने कहा कि ईद उल अजहा का त्यौहार मुसलमानों के लिए बहुत मायने रखते हैं। इस त्यौहार पर मुसलमान अल्लाह का रजा हासिल करने के लिए जानवरों की कुबार्नी करते हैं। रामपुर हमेंशा गंगा जमुनी तहजीब का शहर रहा हैं यहां सभी त्यौहार सभी मजहबों के लोग मिलजुल कर मनाते हैं। ईद पर मुसलमान बड़े पैमाने पर जानवरों की कुबार्नी करते हैं इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वह दूसरे मजहब के लोगों की आस्था का पूरा ख्याल रखें और जानवरों की कुबार्नी बंद जगहों पर करें और मांस व औजरी को खुले में न फेंके। अगर कुबार्नी का मांस एक जगह से दूसरी जगह ले जाना हो तो ढक कर ले जाये ताकि किसी की आस्था को ठेस न पहुंचे। हमारा मजहब भी यहीं बताया हैं कि दूसरे धर्मो के मानने वालों को पूरी इज्जत दें और उनके मजहबों का अहतेराम करें।

एम एस डब्ल्यू का परीक्षा परिणाम देखकर छात्र-छात्राओं में दोडी खुशी की लहर

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

बिजनौर : हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर जनपद बिजनौर में अध्यनरत एम एस डब्ल्यू का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है एम एस डब्ल्यू के प्रथम सेमेस्टर में रिंकी त्यागी ने 75.7 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है द्वितीय स्थान मानसी वर्मा व तृतीय स्थान पर क्रमश दीक्षा, गीतिका मीनाक्षी शर्मा रही जबकि तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान पर 78.8 अंक प्राप्त कर रूबी शर्मा रही। द्वितीय स्थान पर शुभम कुमार व तृतीय स्थान पर महाराज अजय प्रताप रहे। महाविद्यालय अध्यक्ष इंजीनियर मनोज कुमार चौहान ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा की प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने यह मुकाम हासिल कर अपना, अपने महाविद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि लगन सच्ची इरादे ठोस लेकर राह चलना जानते हैं जो, उन्हें मिल जाती है मंजिल सफर कितना भी मुश्किल हो।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने किया शरबत वितरण

वेलकम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने किया शरबत वितरण आज नजीबाबाद प्रखंड के कार्यकताओं ने नजीबाबाद के रेलवे स्टेशन पर निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में राहगीरों को शरबत वितरण किया अभिषेक त्यागी ने बताया की विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समय समय पर समाज के बीच मै समय समय पर समाज हित के कार्य करता रहता है आज निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में राजगीरों को दुपहर 12.00 बजाय से शरबत वितरण करा गया कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी नजीबाबाद धीरज सोलंकी जी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी जी, नगर सह संयोजक दीपक कश्यप जी, प्रखण्ड सह संयोजक चंदर जी, प्रखण मंत्री अजय जी, प्रखण संयोजक पीयूष जी , प्रखंड सह मंत्री अरविंद कुमार जी, खंड मंत्री कृष्ण जी, नगर सुरक्षा प्रमुख नीरज सिंह राठौर, खंड संयोजक संदीप कुमार जी, खंड मंत्री गजेंद्र प्रजापति, ऋषभ कुमार जी, लक्की प्रजापति जी, शोभित मित्तल जी,अजय वाल्मिकी,अजय प्रताप,शिवम अग्रवाल जी, नमन अग्रवाल जी, डॉ राजीव अरोड़ा जी, डॉ जौहर जी,मनीषा सैनी,दीपक वाल्मीकि,ईशम सिंह आदि उपस्थित रहे !

कैसे बुझे राहगीरों की प्यास, रहटी प्याऊ पर लगा वॉटर कूलर बना शोपीस - प्रशासन के दावों की खुली पोल

वेलकम इंडिया

ऊंचागांव : पूरे प्रदेश में गर्मी अपना कहर बरपा रही है और तापमान लगातार नए रिकॉर्ड तोड़ रहा है। लू तेज धूप और उमस से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। चिकित्सक जहां लोगों को ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। वहीं प्रशासन भी सार्वजनिक स्थलों पर जल व्यवस्था के बड़े बड़े दावे कर रहा है। लेकिन हकीकत इन दावों से काफी अलग है। ब्लॉक ऊंचागांव क्षेत्र के घुंघरावाली रहटी प्याऊ के चौराहे पर लगा वॉटर कूलर इस सच्चाई की बानगी है। एक साल पहले लगाया गया वाटर कुलर न तो पानी दे रहा है, न ही किसी ने उसकी मरम्मत की सुध ली है। रोज हजारों से अधिक राहगीरों की आवाजाही वाले इस व्यस्त चौराहे लोग गर्मी से बेहाल हैं। लेकिन पीने का पानी मिलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय दुकानदार ने नाराजगी जताते हुए कहा ₹ यहां पानी की व्यवस्था बेहद खराब है। लोग प्यास से परेशान रहते हैं। प्रशासन की ओर से इसकी मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भले ही करोड़ों रुपए खर्च कर जनता की प्यास बुझाने के लिए वॉटर कूलर लगा रही है। लेकिन यह सब दिखावा ही रह गया। भीषण गर्मी में जब पानी जीवन की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। यह लापरवाही सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वॉटर कूलर लगने का मकसद जनता की प्यास बुझाना था। लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण यह मकसद पूरा नहीं हो सका।

विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अन्तर्गत्त प्राकृतिक खेती के विषय में जानकारी दी गयी

वेलकम इंडिया महमूद रजा

प्रसार निदेशालय
कृषि
अभियान
12 जून, 2025

बिजनौर। विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अन्तर्गत विकास खण्ड नूरपुर के 09 ग्राम- रामौरूपपुर, शिवाला कलां, लोदीपुर गिलक, किरतपुर, धूधली, गझौला गुर्जर, नायक नंगला, चगनीला एवं अहीरपुरा में जिलाधिकारी महोदया बिजनौर द्वारा गठित तीनों टीमों (के०वी०के० नगीना के वैज्ञानिक,आई०सी०ए०आर० दिल्ली के वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारी) द्वारा गोष्ठियों का आयोजन किया गया। ₹विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025₹ के अन्तर्गत आयोजित गोष्ठियों में टीम 3 द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम नायक नंगला, बमनौला एवं अहीरपुरा में श्री गिरीश बन्द्र उप कृषि निदेशक बिजनौर, डा० प्रतिमा गुप्ता, डा० भूपेन्द्र कुमार, डा० रविन्द्र कुमार आईसी०ए०आर०), टीम द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम रामौरूपपुर, शिवाला कलां, एवं लोदीपुर मिलक में डा० शिवांगी कृषि वैज्ञानिक, डा० के०के०सिंह कृषि वैज्ञानिक एवं डा० सिद्धार्थ साहा कृषि वैज्ञानिकआई०सी०ए०आर०) टीम-2 द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम किरतपुर, धूथली व मझौला गुर्जर में डा० शकुन्तला गुप्ता प्रभारी के०वी०के०, डा० पिन्टू कुमार, कृषि वैज्ञानिक एवं सा० प्रमोद सिंह कृषि वैज्ञानिक (आई०सी०ए० आर० एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।गिरीश चन्द्र उप कृषि निदेशक बिजनौर द्वारा ग्राम बगनौला में आयोजित गोष्ठी में कृषि विभाग में चल रही समस्त योजनाओं विशेषकर प्राकृतिक खेती, पी०एम० किसान सम्मान निधि योजना के विषय में बताया गया, साथ ही सोलर पम्प, यन्त्रीकरण, फार्मर रजिस्ट्री तथा फसल बीमा के विषय में भी जानकारी दी गयी।

एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण कर ली सलामी तथा परेड का टर्नआउट चेक कर दिए आवश्यक निर्देश

वेलकम इंडिया

हाथरस। संवाददाता (जितेन्द्र कुमार) पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन हाथरस में प्रातः शुक्रवार परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई । तत्पश्चात परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक हाथरस के आगमन पर परेड द्वारा उनको सलामी दी गई । तत्पश्चात उनके द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों की वर्दी को देखा गया तथा साफ-स्वच्छ वर्दी धारण करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया, तत्पश्चात परेड करायी गयी । परेड में उपस्थित निलम्बित कर्मचिरायों से वार्ता की गई ।पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित डायल 112 के दो पहिया व चार पहिया वाहनों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान वाहनों की साफ-सफाई, घटनास्थल किट, हूटर आदि को चेक किया गया तथा गाडियों के रखरखाव के सम्बन्ध में प्रभारी डायल-112 को निर्देशित किया गया ।इसी क्रम में परेड में उपस्थित डॉग स्क्वायड, ड्रोन कैमरा आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण,क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ जयेन्द्र नाथ अस्थाना, क्षेत्राधिकारी कार्यालय राम प्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी यातायात अमित पाठक, क्षेत्राधिकारी लाईन श्यामवीर सिंह,, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह एवं डॉग स्क्वाड, डायल 112, समस्त कार्यालयों-पुलिस लाईन से आये हुए अधिकारीगण-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पिलखुवा क्षेत्र में सूटकेस में मिली लाश की दिल्ली निवासी नीलेश के रूप में हुई पहचान, प्रेमी सत्येंद्र यादव ने पैसे के लेनदेन को लेकर की थी हत्या

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़/पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सिखैडा गांव के पास रजवाहे में पड़े शूटकेस में मिले महिला के शव की पहचान पुलिस के द्वारा की गई कड़ी मशक्कत के बाद नीलेश निवासी दिल्ली त्रिलोकपुरी के रूप में हुई है। साथ ही मृतक महिला नीलेश की गला घोटकर हत्या करने की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हो चुकी है। बता दे कि पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत 30 मई 2025 को सिखैडा गांव के पास से होकर गुजर रहे रजवाहे में एक सूटकेस पड़ा होने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सूटकेस को बाहर निकलवा कर खोल तो उसमें महिला की लाश देखकर पुलिस के होश उड़ गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम एवं एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करते हुए मामले का खुलासा करने के लिए टीम गठित कर सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें पुलिस के द्वारा कड़ी मशक्कत करते हुए लगभग 500 सीसी टीवी कैमरा की फुटेज कंगाल ने के बाद मृतक महिला के शव की पहचान निलेश पुत्री अहिवरन निवासी त्रिलोंकपुरी दिल्ली के रूप में हुई है। जिसकी गुमशुदगी मयूर विहार थाने में दर्ज थी। जिसके चलते दिल्ली पुलिस के सहयोग से पिलखुवा पुलिस ने नीलेश के प्रेमी सत्येंद्र यादव विनोद नगर दिल्ली को गिरफ्तार कर उसकी निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त कार नीलेश के दस्तावेज फोन अन्य सामान बरामद किया है। हत्यारे प्रेमी सत्येंद्र यादव ने पुलिस पूछताछ में बताया कि नीलेश के साथ प्रेम संबंध था। नीलेश को किडनी की बीमारी थी। और वह दिल्ली के धर्मशिला अस्पताल में भर्ती थी। जहां सत्येंद्र की उसके पिता और भाइयों से मुलाकात हुई थी। गत वर्ष अक्टूबर माह में पंजाब के पटियाला जाने के दौरान वह जब भी निलेश को फोन करता तो नीलेश का फोन अक्सर व्यस्त रहता था। जिसको लेकर सत्येंद्र को नीलेश पर अन्य लोगों से प्रेम संबंध होने का शक होने लगा इसी बीच सत्येंद्र ने 5.25000 निलेश से उधार लेकर उसने कार खरीदी थी। कुछ समय बाद नीलेश ने सत्येंद्र से ?200000 वापस करने का दवाब बनाया। वापस करने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। और नीलेश 28 मई2025 को ?200000 लेने के लिए सत्येंद्र के कमरे पर गई हुई थी। जिसके चलते उसने उसकी चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी और शव को सूटकेस में बंद कर टोल टैक्स से बचने के लिए वह रजवाहे की सड़क से होकर मुरादाबाद जाता था।उसी रास्ते पर उसने सूटकेस को रजवाहे में फेंक दिया। और वापस दिल्ली लौट आया। और नीलेश के पिता अहिवरन के साथ मिलकर मयूर विहार थाने में बेटी की गुमशुदा की दर्ज कराई थी। लेकिन पिलखुवा पुलिस ने अपने अथक प्रयास से हत्याकांड का खुलासा करते हुए प्रेमी सत्येंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

मैं सागर हूं मुझको भला तुम क्या खंगालोगे....डा.सागर

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़ कबीर साहित्य परिषद -भारत की काव्य गोष्ठी का आयोजन मेरठ कंकड़खेड़ा में किया जिसकी अध्यक्षता 28 किताबों के रचयिता महाकवि डोरीलाल भास्कर मुख्य अतिथि हापुड़ के कवि विजय वत्स,विशिष्ट अतिथि डा.रामगोपाल भारतीयऔर मुख्य आकर्षण संस्था के संस्थापक जनकवि/बेखौफ शायर डा.नरेश सागर को बनाया गया इसी क्रम में केक काटकर फूल मालाएं पहनाकर,शाल उड़ाकर व साहित्य पुस्तकें,डायरी और पेन देकर डा.नरेश सागर का जन्मदिन मनाया गया ये उनकी पचासवीं वर्षगांठ थी।गोष्ठी में महाकवि डोरीलाल भास्कर ने कुछ यूं पढ़ा कि.जीवन है त्रिशरण धारा,मन इसका मुख्य किनारा है, विजय वत्स पढ़ा कि.हम तो सबसे ही प्यार करते हैं, डा.रामगोपाल भारती ने पढ़ा कि.रिश्तों में वो पहले सी मोहब्बत नहीं रही, मेहमान नवाजी की भी आदत नहीं रही। डा.नरेश सागर ने कुछ यूं पढ़ा कि.मैं सागर हूं मुझको भला तुम क्या खंगालोगे आईना लेकर बैठा हूं, कमी क्या तुम निकालोगे ।बदन के छोटे कपड़ों में भी, जिनके छेद हजारों हमारे सर की पगड़ी को, भला वो क्या उछालेंगे।।कवि मंगल सिंह मंगल ने पढ़ा कि.किस्मत रंग लाएगी जरूर एक दिन, अमीर मुझे बनाएगी जरूर एक दिन। कवियत्री रचना वानिया ने कुछ पढ़ा कि.मां मेरी जीवन दाता ममता का भंडार है, तो वहीं कवियत्री राजकुमारी ने पढ़ा कि..... शिक्षा दान करो बेटी को कन्यादान सफल होगा। तो वहीं गोष्ठी के आयोजक व संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष ने पढ़ा कि बच्चा बच्चा याद करें काम वो करना चाहता हूं।

शांतिपूर्ण तरीके से मनाए ईद का त्यौहार थाना प्रभारी नरसेना

वेलकम इंडिया

नरसेना : थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह ने अपील कि ईद आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने सभी से त्यौहार को मिल जुलकर और शांतिपूर्ण तरीके से ईद का त्यौहार मिलजुलकर मनाएं। सोशल मीडिया पर भ्रमक पोस्ट या वीडियो को शेयर न करने और उन पर विश्वास न करें। तथा एक दूसरे के साथ खुशियां साझा करें। ईद त्यौहार पर गंदगी न करें, और सार्वजनिक स्थल पर कुबार्नी न करें। उन्होंने आगाह किया कि त्यौहार के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। जगह जगह पुलिस प्रशासन की गश्त और निगरानी की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएगी। त्यौहार में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

ब्रज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सचेत

वेलकम इंडिया

विश्व पर्यावरण दिवस
ब्रज के वन - ब्रज की धरोहर

मथुरा/वृंदावन। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में एक सारगर्भित संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद ने ब्रज क्षेत्र में पारंपरिक वृक्षों के संरक्षण एवं पुनरोपण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षु बालक-बालिकाओं द्वारा पर्यावरण विषयक गीत की संगीतमय प्रस्तुति से हुआ, जिसका निर्देशन गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने किया। प्रस्तुति में पर्यावरण की रक्षा हेतु जागरूकता का भावपूर्ण आह्वान किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता परिषद के पर्यावरण सलाहकार श्री मुकेश शर्मा ने जानकारी दी कि परिषद ने ब्रज के कृष्ण-युगीन वन स्थलों एवं प्राचीन कुंडों का पुनरुद्धार प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने बताया कि इन स्थलों से आक्रामक विदेशी प्रजातियों, जैसे विलायती बबूल को हटाकर पारंपरिक वृक्षों जैसे कदम के पौधों का रोपण किया जा रहा है, जिससे ब्रज की सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिक विरासत पुनर्जीवित हो सके। वरिष्ठ वक्ताओं में पूर्व प्राचार्य डा. के.के. शर्मा, गीता मर्मज्ञ श्री महेश चंद्र शर्मा, साहित्यकार श्री कपिल उपाध्याय, श्रीमती संध्या मिश्र, एवं श्री मिश्रा जी ने ब्रज के वनों की ऐतिहासिक परंपरा, धार्मिक महत्व और संरक्षण की समसामयिक आवश्यकता पर विचार रखे। वरिष्ठ पत्रकार श्री सुनील शर्मा, परिषद के राजस्व निरीक्षक श्री रामवीर सिंह, एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। अंत में गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं, आमंत्रित अतिथियों तथा कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी। प्रो. दिनेश खन्ना ने संस्थान में चल रहे रासलीला, अभिनय, पद गायन एवं संगीत प्रशिक्षण की जानकारी साझा की।

सफेद चावल का काला कारोबार...अधिकारियों की शह, गुपचुप ऐसा चल रहा माफिया का सिंडिकेट

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

- यूपी के हाथरस के माफिया के जिला एटा में जलेसर से जुड़ी डोर, काम जोरों पर
- कार्डधारकों में वितरण होने वाले सब्सिडी युक्त चावल की कालाबाजारी से अफसर बे-खबर

हाथरस। जिले भर में मुफ्त बंटने वाले राशन में सफेद चावल का काला कारोबार हो रहा है। सबसे बड़े.राशन माफियाओं को संबधित अफसर की शह है। जनपद में दो बड़े स्तर के थोक क्रेता चावल के खरीदार हैं।जिनमें एक अनाज मंडी समिति की आड़ में सफेद चावल की कालाबाजारी का काम हो रहा है। जिसमें किसी को कानों कान-भनक नहीं हो पाती है। यह चावल माफिया थोक क्रेता है। उनके कारोबार का अवतार जनपद एटा के जलेसर से जुड़ा हुआ है। जलेसर में माल की खपत होती है। यहां से बड़े वाहनों में चावल को लाद कर बाहरी राज्यों को भेजा जाता है। इसमें कई लोगों की कमीशन दे दी जाती है।सूत्रों की माने तो कई पत्रकारों को भी इस कालाबाजारी का काम का उन्हें भी पैसा दिया जाता है। जिससे वह उनके सफेद चावल से लदे ट्रक को कहीं पकड़वाना दें।इसलिए उनको हर महीने उनका तय हुआ पैसा दे दिया जाता है। क्योंकि हाथरस के चावल माफिया का काम जलेसर से हो रहा है। वहां से ही भारी मात्रा में चावल खरीद कर बाहरी जिलों और राज्यों में भेजा जा रहा है। इसमें यह लोग मोटी रकम कमा रहे हैं। यदि देखा जाए तो उत्तर प्रदेश की सरकार उन गरीब लोगों को अनाज मुहैया करा रही है जिससे उनके जीवन यापन में कोई परेशानी ना आ सके।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत केएम में किया गया वृक्षारोपण

वेलकम इंडिया

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय परिसर में आज विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर कुलाधिपति किशन चौधरी ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कुलाधिपति किशन चौधरी ने केएम मेडीकल छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है कि हम सब अधिक से अधिक संख्या में वृक्षों का रोपण करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कैम्पस में वृक्षारोपण किया। इसके बाद विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, अस्पताल के मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, एएमएस डा. आरपी गुप्ता, ट्रांसपोर्ट इंचार्ज दीपक, प्रताप राणा (पप्पू प्रधान) मेडिकल कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष, महाविद्यालय, अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी सहित छात्र छात्रा ने मिलकर वृक्षारोपण किया। विवि के कुलाधिपति की उपस्थिति में सभी ने अपने द्वारा लगाए हुए पौधे का संरक्षण करते हुए उसे जीवित रखने हेतु संकल्प भी लिया गया।

पर्यावरण दिवस पर प्रकृति प्रेमी पंडित दाऊदयाल शर्मा द्वारा लगभग 20 पौधे लगाए गए

वेलकम इंडिया

मथुरा।/गोवर्धन। विश्व पर्यावरण दिवस पर श्री गिरिराज तलहटी में पर्यावरण प्रेमी दाऊदयाल शर्मा द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमें कदम वृक्ष,पारस, पीपल, नीम, कन्नेर, केंथ, अशोक, जंगल जलेवी, मोंगरा आदि कई प्रकार के वृक्ष लगाए गए। दाऊदयाल शर्मा ने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए उनके नन्हे हाथों द्वारा पौधारोपण करवाया। दाऊदयाल शर्मा ने कहा कि पेड़ हमारे लिए बहुत जरूरी हैं, सभी लोग प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पौधे अवश्य लगाएं साथ ही उनकी रक्षा की भी जिम्मेदारी लें।

इस अवसर पर उनके साथ भूमि उपाध्याय, राधिका शर्मा, दीप्ति, टुयू, गगन शर्मा, वशु, डुग्गु शर्मा, कल्पना, दण्डवती वाले बाबा, लहरी, कोली, बन्नो आदि मौजूद रहे।

नीरज चक्रपाणि बनाए गए मीडिया प्रकोष्ठ राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष , समर्थकों ने दी बधाई और शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

हाथरस। पंडित नीरज चक्रपाणि वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार को राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ रजिस्टर्ड भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेशचंद्र शर्मा, राष्ट्रीय प्रभारी योगेश कौशिक, राष्ट्रीय सचिव विवेक शर्मा, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष यतींद्र शंकर गॉड जी के निर्देश अनुसार राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सारस्वत ने पंडित नीरज चक्रपाणि को मीडिया प्रकोष्ठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश बनाया गया है !राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ का विस्तार करते हुए बताया संगठन में जुझारू एवं कर्मठ कार्यकताओं को ही पदाधिकारी बनाया जाएगा ! नीरज चक्रपाणि मान्यता प्राप्त पत्रकार के साथ-साथ संपूर्ण उत्तर प्रदेश में पत्रकारिता जगत में अलग ही पहचान बनाई है मूल रूप डिब्बा गली नयागंज हाथरस के मूल निवासी हैं जिन को राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किया है नियुक्ति पर बधाई देने वाले अजय गॉड एडवोकेट,डॉ एम एल रावत, महावीर प्रसाद गौतम, सत्य प्रकाश उपाध्याय, डॉ उपेंद्र झा, दुष्यंत पचौरी, वीरेंद्र चतुवेर्दी, विजय मिश्रा, एक प्रोफेसर डॉक्टर एस सी शर्मा, गुरुदत्त शर्मा, गोपाल शर्मा समाजसेवी, सोनू शर्मा, अवनीश उपाध्याय, अंकुश उपाध्याय, गुरुदत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

टीसीसी क्लब ने सद्भावना क्लब को 8 विकेट से हराया

वेलकम इंडिया

टाण्डा जिला रामपुर। नगर के मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में स्वर्गीय जफर इकबाल, मुहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मैमोरियल नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरे राउंड का पहला मैच टीसीसी क्लब टांडा और सद्भावना क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टीसीसी क्लब ने यह मैच 8 विकेट से जीतकर क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश कर लिया है।

सद्भावना क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 142 रन बनाए, जिसमें राजा बाबू ने 31 रन, जुनैद ने 23 रन, इमरान कोयल ने 19 रन, नावेद आलम ने 17 रन और शावेज खान ने 10 रन बनाए। टीसीसी क्लब के गेंदबाज मुहम्मद मतलूब ने 3 विकेट, आबिद शानू ने 2 विकेट और मस्तान अंकल ने 1 विकेट लिया। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीसीसी क्लब ने 13.2 ओवर में 144 रन बनाए, जिसमें मुहम्मद बशीर ने 50 रन, शोएब बका ने 26 रन और जावेद वार्नर ने नाबाद 48 रन बनाए।टीसीसी क्लब ने 8 विकेट से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टीसीसी क्लब के जावेद वार्नर को दिया गया, जिसे नेहरू क्लब के पूर्व खिलाड़ी मकसूद नन्ना ने प्रदान किया। इस अवसर पर टूनार्मेंट कमेटी संयोजक हाजी सरफराज और अध्यक्ष हाजी जुल्फिकार अली सहित अलकमा अमान, गुड्डू रहमान, शादाब कुरैशी, इफ्तिखार शेखू और अन्य उपस्थित थे।

बीरमपुर गांव में क्रिकेट टूनार्मेंट का फीता काटकर किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/ सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव बीरमपुर में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कुंवर पाल यादव और ग्राम प्रधान सैना शाह कमाल ने क्रिकेट टूनार्मेंट का फीता काटकर किया उद्घाटन। ग्राम प्रधान बीरमपुर आसिफ चौधरी ने जानकारी देते बताया कि गांव में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र और अन्य जनपद से भी क्रिकेट टीम टूनार्मेंट में भाग ले रही हैं। जिसके चलते किसी भी क्रिकेट टीम के खिलाड़ी को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उनकी टीम का पूरा ध्यान रखा जाएगा। क्रिकेट टूनार्मेंट 10 दिन चालू रहेगा दिल्ली से भी क्रिकेट टीम टूनार्मेंट खेलने के लिए आ रही हैं।आज दो मैच खेले गए पहला मैच सरूरपुर और रझैड़ा के बीच हुआ।सरूरपुर की टीम ने जीत हासिल की दूसरा मैच सेना और बीरमपुर के बीच हुआ सेना गांव की टीम को हराकर बीरमपुर गांव की टीम ने जीत का परचम लहराया। क्रिकेट टूनार्मेंट फाइनल में जीतने वाली टीम को 21 हजार दूसरे टीम को 11 हजार रुपया का इनाम दिया जाएगा। और खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की जाएगी इस मौके पर कुंवर पाल यादव शाह कमाल प्रधान आसिफ प्रदान ठेकेदार पप्पू चौधरी परवेज चौधरी ताहिर अकील, डॉक्टर इंसाफ अली ठाकुर जुनैद जाहिद मेवाती अब्दुल सत्तार चौधरी मुस्तफा आदि लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने सिंभावली के ग्राम मुरादपुर में जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के संभाली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव मुरादपुर में जिला अधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा जांचोपा लगाकर ग्रामीणों की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए मुरादपुर में स्कूल के ऊपर से जा रही हाई वोल्टेज लाइन को स्थानांतरण करने हेतु जिलाधिकारी ने अपने राइफल खाते से ?40000 की धनराशि दिए जाने का प्रस्ताव करते हुएअधिकारीगण को ग्राम वासियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। आपको बता दें कि जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम मुरादपुर के ग्राम प्रधान के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को दी गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से गांव की समस्याएं सुनी तथा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण कराया गया ।तथा जो समस्याएं लंबित रह गई हैं उनका जल्द से जल्द प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जन चौपाल में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेरे द्वारा चुने गए उक्त ग्राम का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान आयोजित चौपाल में जो भी समस्याएं ग्रामीणों द्वारा रखी गई है। यदि उनका निस्तारण मेरे निरीक्षण के दौरान भी नहीं लंबित पाया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जन चौपाल के दौरान ग्राम वासियों द्वारा विभिन्न समस्याएं जैसे पानी की उपलब्धता,बिजली की समस्या,शौचालय की साफ सफाई, स्कूल के ऊपर से विद्युत की लाइन, श्मशान घाट, कब्रिस्तान, पानी का भराव तथा पानी के निकासी की समस्या आदि के बारे में ग्रामीणों द्वारा जिला अधिकारी को अवगत कराया गया।जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए स्कूल के ऊपर से जा रही 11 हजार हाई टेंशन वोल्टेज की लाइन को स्थानांतर करने के लिए संबंधित अधिकारी ने अपने राइफल खाते से ?40000 की धनराशि दिए जाने का प्रस्ताव दिया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर को निर्देश दिए कि गंगा एक्सप्रेसवे में जिन किसानों की जमीन गई है तथा जिनको अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है।उन किसानों को मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें।

ज्वालादेवी वार्ड में रात ढलने से पूर्व दिखा गुलदार

वेलकम इंडिया

बागेश्वर, नगर में आए दिन गुलदार के धमकने की वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद होती है ।आए दिन नगर क्षेत्र में गुलदार की धमक से लोगों में भय का माहौल है। ज्वालादेवी वार्ड के मजियाखेत-कफलखेत में आए दिन गुलदार आबादी क्षेत्र में घूमते नजर आता है ।वही लम्बे समय से गुलदार जौलकांडे गांव के समीप जंगल के पास दहाड़ मारते हुए सुनाई दे रहा है ।वही ज्वालादेवी वार्ड में नारायण देवमंदिर के समीप लोगों को दिन के समय ही गुलदार घूमते हुए नजर आता है ।गुलदार ने अब तक क्षेत्र में कई मवेशियों को अपना शिकार बना लिया है। क्षेत्र के लोगों को आए दिन गुलदार की धमक दिखने से लोगों में भय का माहौल है ।वही बाजार में व्यापार करने वाले कई व्यापारी देर शाम घर लौटते है ।गुलदार की दहशत से लोग रात में झुंड बनाकर अपने घरों को लौटने को मजबूर है ।वही कामकाजी महिलाएं पशुओं के चारे के लिए जंगल से घास काटने के लिए जाते समय झुंड में जाने को मजबूर हैं ।स्थानीय बसन्त पांडे, दरवान सिंह, कुंदन सिंह, हरीश सिंह, मदन सिंह, चतुर सिंह दीवान सिंह,किरण देवी, माला देवी, कमला देवी, आदि ने वन विभाग से लंबे समय से क्षेत्र में गुलदार की दहशत होने आए दिन गुलदार को आबादी क्षेत्र के आसपास देखे जाने, और सुबह होने के समय कभी भी गुलदार द्वारा किसी व्यक्ति पर हमला करने से बड़ा हादसा होने की आशंका जताते हुए शीघ्र गुलदार को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़े जाने की अपील की है ।लोगों ने जल्द गुलदार के आतंक से निजात नही दिलाने और किसी भी प्रकार से मवेशियों को नुकसान होने पर इसकी जिम्मेदारी वन विभाग की होने की बात कहते हुए आंदोलन की चेतावनी दी दी है ।वही गुलदार गत रात्रि करीब पौने चार बजे मजियाखेत में बसन्त पांडे की दुकान में लगे सीसीटीवी में सड़क में शिकार की तलाश में घूमते हुए नजर आया है ।वही वन क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह करायत ने बताया कि गुलदार शिकार की तलाश में आबादी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं ।ऐसे में कही भी गुलदार लगातार क्षेत्र में दिखाई देता हो तो लोगों को भी जागरूक रहते हुए आवश्यक सावधानियां बरतनी चाहिए।

ड्राइंग और स्लोगन कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया हैं

वेलकम इंडिया

प्रयागराज में नियो हाइट्स अपार्टमेंट में क्रीड़ा भारती प्रयागराज काशी प्रांत की तरफ से आयोजित समर कैंप में पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोसाइटी के मेंबर्स और बच्चों के द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमें प्रेजिडेंट अमिता गिरी जी ने बच्चों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी दी और कहा कि बच्चे अपने नाम का टैग लगाकर उसकी देखभाल करे इसके साथ ही समर कैंप में आज ड्राइंग और स्लोगन कॉम्पिटिशन का आयोजन अर्चना मौर्य के द्वारा किया गया ।जिसमें फर्स्ट,सेकंड,थर्ड, तथा दो सांत्वना पुरस्कार एवं चॉकलेट दोनों वर्गों में बच्चों को दिया गया। ये सभी उपहार मियां बाय तनिष्क एवं अखिल भारतीय महिला सम्मेलन सुबोधिनी ब्रांच की अध्यक्ष रचना अग्रवाल एवं राज केशेरवानी की तरफ से दिया गया इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के चेस कोच राघवेन्द्र शुक्ला जी और प्रियांक गुप्ता जी ने कॉम्पिटिशन के प्रतिभागी बच्चों रीभव दूबे ,रिद्धि वर्मा, आदरिति सिंग, सत्कृति दुबे,आकृति रंजन,कुमुद मिश्रा और तनय मौर्य को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

बरेली के जिला अस्पताल की बदहाली देख भड़क उठे डिप्टी सीएम, डॉक्टरों को लगाई फटकार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण कर अस्पताल प्रशासन की पोल खोल दी। डिप्टी सीएम के निरीक्षण के दौरान मरीजों को तकिए और चादर तक न मिलने की बात सामने आ गई, जिस पर डिप्टी सीएम का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।डिप्टी सीएम सीधे मरीजों के बेड तक पहुंचे और इलाज की स्थिति की जानकारी ली।मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं की हकीकत जानी। जब उन्हें पता चला कि तकिया-चादर नहीं मिल रही, तो उन्होंने अधिकारियों को जमकर लताड़ा और कहा, कि छह महीने पहले आदेश दिए गए थे, फिर भी अब तक अमल नहीं हुआ है, यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एक बुजुर्ग महिला, जिसका पैर फ्रैक्चर था, उसे एक्सरे के लिए दो घंटे तक इंतजार कराया गया था। यह सुनते ही डिप्टी सीएम फिर भड़क उठे और मौके पर मौजूद डॉक्टरों को कड़ी फटकार लगाई। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक अस्पताल की छत पर भी पहुंचे।जहां गेट गेट पर ताला लटका मिला, तो उन्होंने मौके पर चाबी मंगवाकर ताला खुलवाया और पानी के टैंकों की सफाई की स्थिति देखी।गंदगी देख उन्होंने तत्काल सख्त निर्देश दिए और एक दिन के वेतन कटौती का आदेश भी सुनाया।निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ने ब्लड बैंक, टीवी वार्ड और इमरजेंसी वार्ड का जायजा भी लिया।उन्होंने फायर ब्रिगेड के उपकरणों की जांच कराई और पूछा कि क्या इनकी नियमित जांच होती है? ब्लड बैंक में गंदगी, गंदे स्लीपर, चादर और हैंड वॉश की स्थिति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। इमरजेंसी वार्ड में डिप्टी सीएम ने सभी मरीजों से सीधे बात की और पूछा कि डॉक्टर कहीं बाहर की दवाएं तो नहीं लिख रहे हैं। जिसपर मरीजों ने साफ इनकार किया। इस पर उन्होंने कहा कि अगर कोई डॉक्टर ऐसा करता है तो सीधे शिकायत करें। डिप्टी सीएम के निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। माना जा रहा है कि लापरवाही बरतने वालों पर जल्द ही बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

थाना दुधारा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्रभूषण सिंह के नेतृत्व में का0 रंजन कुमार सिंह, हे0का0चा0 प्रमोद कुमार सिंह ने मु0अ0सं0 327/2025 धारा 3(1), 2(ु)(क) 30प्र0 गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद सन्तकबीरनगर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभय गोड़ पुत्र सुनील गोंड़ निवासी महनी थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को विधिक नियमों का पालन करते हुये परसाकला बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि उक्त अभियुक्त का एक सुसंगठित गिरोह है, जो अपने अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर हत्या जैसे जघन्य अपराध कारित करते हैं ।थाना कोतवाली खलीलाबाद व थाना बखिरा में हत्या के अभियोग दर्ज होने से समाज में काफी भय, आतंक व्याप्त है तथा उक्त अभियुक्तगणों के भय व आतंक से किसी व्यक्ति द्वारा इनके विरुद्ध इनके द्वारा किए गए गलत कार्यों की सूचना व गवाही देने से डरने के दृष्टिगत गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था । दिनांक 25.04.2025 को अभियुक्तगण दुर्गेश पाल पुत्र योगेन्द्र पाल उर्फ जोगेन्द्र पाल, योगेन्द्र पाल उर्फ जोगेन्द्र पाल पुत्र रंजीत पाल, जनार्दन पाल पुत्र रंजीत पाल, ज्ञानचन्द निषाद पुत्र हरिनाथ निवासीगण परसा झकरिया थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया था ।

राज्यपाल ने अनाशक्ति आश्रम पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी के बारे में ली जानकारी

वेलकम इंडिया

कौसानी/बागेश्वर ,पूरन दोसाद, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने बागेश्वर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कौसानी के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य और हिमालय की दिव्य छटा का अनुभव किया। राज्यपाल कौसानी के प्राकृतिक अलौकिक अद्भुत शांति, स्वच्छता और सुरम्यता की प्रशंसा की ।राज्यपाल ने इस दौरान अनाशक्ति आश्रम का भी भ्रमण किया।

जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी के बारे में विस्तार से जाना। महात्मा गांधी ने वर्ष 1929 में प्रवास के दौरान अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'अनाशक्ति योग' की रचना की थी। राज्यपाल ने आश्रम में गांधी जी की स्मृतियों को नमन किया और आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार भी अंकित किए।उन्होंने इस अवसर पर कहा कौसानी जैसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं, जिन्हें संरक्षित और संवर्धित करना हम सबका कर्तव्य है ।साथ ही कौसानी की अद्भुत अलौकिक सौंदर्यीकरण को देखते हुए उन्होंने कौसानी के सर्वांगीण विकास के लिए जल्द योजनाए बनाकर पर्यटकों की सुविधा हेतु जरूरी व्यवस्थाए बनाने के लिए जिलाधिकारी को निर्देश दिए ।इस दौरान जिलाधिकारी आशीष भटगांई, पुलिस अधीक्षक चंद्र शेखर आरघोड़के, उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी और जीतेंद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का लिया संज्ञान

वेलकम इंडिया

- बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को तत्काल प्रकरण की जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा समाचार पत्र दैनिक जागरण में आज दिनांक 06.06.2025 को प्रकाशित खबर *₹चकबन्दी में भ्रष्टाचार पर भड़के किसान, सीओ के खिलाफ प्रदर्शन₹* का संज्ञान लेते हुए बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी को प्रकरण की जांच कर तत्काल आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे।उल्लेखनीय है कि ग्राम डेबरी में चल रही चकबन्दी प्रक्रिया में अनियमितता और भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में आक्रोशित किसानों द्वारा चकबन्दी लेखपाल और सीओ को हटाये जाने की मांग की गयी।जिस पर जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण में संज्ञान लेकर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए उक्त निर्देश के क्रम में तत्काल प्रभाव से ग्राम डेबरी के लेखपाल चन्द्र प्रकाश मिश्र से ग्राम का चार्ज हटाकर मनोज कुमार पाल चकबन्दी लेखपाल को हस्तगत करा दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा चकबन्दी अधिकारी को ग्राम में चल रहे चक सीमांकन की जांच मौके पर जाकर करने व उपस्थित कृषकों की समस्याओं को सुनकर निराकरण करने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है की चकबंदी प्रक्रिया में यदि किसी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पत्रकारों के लिए चल रही कई योजनाएं : कैलाश सैनी

HARYANA UNION OF JOURNALISTS
राष्ट्रीय अधिवेशन
दिनांक :- 06 जून से 11 जून 2025
पत्रकार सम्मेलन

वेलकम इंडिया

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के पत्रकारों के लिए कई प्रकार की योजनाएं चल रही हैं, जोकि राज्य को दूसरे प्रदेशों से आगे लेकर जाती हैं। भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को लाकर उन्हें अंतिम पंक्ति से आगे लाने का काम करती हैं। इसमें पत्रकारों के लिए भी कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी शुकवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से राष्ट्रीय अधिवेशन गंगोत्री के लिए जाने वाले पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल से झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रधान विजय कौशिक, मुनीश कुमार, विनोद यादव, संगीता सिंह, शंकरलाल, देवराज राजू, किरण सैनी, ओमप्रकाश, अजय कुमार, शिव कुमार, प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री प्रतिनिधि कैलाश सैनी ने बधाई व मंगल यात्रा की कामना करते हुए कहा कि आप सभी की यात्रा मंगलमय व सुखद हो।

मेहर-ए-आलम खान बने नर्सरी टुडे पत्रिका के नए मुख्य संपादक

वेलकम इंडिया

जाकिर तुर्क/वेलकम इंडिया

मेरठ। जिलें के कस्बा शाहजहांपुर निवासी श्री मेहर-ए-आलम खान को इंडियन नर्सरी मैंन एसोसिएशन की पत्रिका का संपादक नियुक्त किया गया है,श्री खान एक अनुभवी पत्रकार और इंडियन नरसरीमैन एसोसिएशन (आई.एन.ए.) की गवर्निंग काउंसिल (जी.सी.) के सदस्य भी हैं,इसीलिये उन्हें आई.एन.ए. की मासिक पत्रिका ह्यनर्सरी टुडेह्व के नए मुख्य संपादक के रूप में जिम्मेदारी दी गई है ।श्री खान ने प्रतिष्ठित उद्यान वैज्ञानिक पद्म श्री डॉ. ब्रह्म सिंह का स्थान लिया है, जो इससे पहले इस पद पर आसीन थे। श्री खान को पत्रकारिता में चालीस वर्षों से अधिक का विविध अनुभव के साथ-साथ संपादन का गहन ज्ञान प्राप्त है। मेहर ए आलम खान की इस नियुक्ति का निर्णय आई.एन.ए. की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में लिया गया, जो हाल ही में दिल्ली स्थित ग्रीनवेज नर्सरी में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता आई.एन.ए. के अध्यक्ष श्री वाई.पी. सिंह ने की, जबकि इसमें आई.एन.ए. के महासचिव श्री मुकुल त्यागी, संयुक्त सचिव श्री मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री सी. गोपीनाथ, जी.सी. सदस्य श्री गालिब खान, डॉ. अशोक यादव और आई.एन.ए. उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष श्री रफीक खान उपस्थित थे। लंदन, यू.के. स्थित कंपनी सिनेइंक पॉडकास्ट्स के कंसल्टेंट/पॉडकास्टर भी हैं। उन्होंने लंदन के मशहूर ब्रॉडकास्टर और सिनेइंक के डायरेक्टर श्री परवेज आलम के साथ मिलकर सिनेइंक के लिए उर्दू शायरी की कला पर आधारित 22-एपिसोड की पॉडकास्ट श्रृंखला ह्यइल्म-ए-शायरीह्व का निर्माण किया है जो यूट्यूब और अन्य पॉडकास्ट प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। इसके अलावा उन्होंने परवेज आलम के साथ ही फलों के राजा आम के इतिहास, संस्कृति, साहित्य, संगीत, व्यापार और राजनीति पर आधारित दस एपिसोड की अत्यंत लोकप्रिय और अब तक की सब से लंबी पॉडकास्ट श्रृंखला आम नामा भी तैयार की है ।श्री खान सिनेइंक की उर्दू बाग श्रृंखला में भी योगदान दे रहे हैं। श्री मेहर ए आलम खान ने 2011 से 2014 तक भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सी.सी.आर.यू.एम.) में सलाहकार (पोर्टल/प्रकाशन) के रूप में कार्य किया।

जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने जिले के पुलिस अधिकारियों की ली क्राइम मीटिंग

वेलकम इंडिया

राजस्थान सरकार
जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर

धौलपुर राजस्थान। जिले में और अधिक बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने कल देर शाम कलेक्ट्रेट के सभागार कक्ष में क्राइम मीटिंग कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कल पुलिस अधीक्षक ने क्राइम मीटिंग के दौरान जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति के सम्बन्ध में चर्चा की एवं वृत्ताधिकारियो व थानाधिकारीगण से आमजन से प्राप्त परिवादो के निस्तारण की समीक्षा की, सम्पति संबंधित प्रकरणों, सरकारी कर्मचारियों पर हमले के मामलों का रिव्यू कर सख्त कार्यवाही करने, थाना स्तर के टॉप-10 अपराधियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी, अवैध खनन की रोकथाम में प्रभावी कार्रवाई करने, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, यातायात नियमों की कडाई से पालना सुनिश्चित कराने, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं धरपकड़ के लिए कार्यवाही करने, थाना स्तर पर परिवादियो को संवेदनशीलता से सुनने एवं उनकी समस्या का उचित निराकरण करने, सडक दुर्घटनाओं की आईआरएडी में एंट्री करने आदि के निर्देश दिए गऐ इसके साथ ही पोक्सो सहित महिलाओं के साथ होने वाले अन्य गंभीर श्रेणी के अपराधों की समीक्षा कर उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए, इसके साथ ही हत्या के प्रयास व फायरिंग के मामलों की समीक्षा कर वांछित चल रहे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए है।

वैश्य समाज को कांग्रेस संगठन में तवज्जों

वेलकम इंडिया

हांसी ।मनमोहन शर्मा। हरियाणा में संगठन के अकाल से गुजर रही कांग्रेस अब राहुल गांधी के जिला अध्यक्षों को ताकत देने की रणनीति के तहत पार्टी को संगठनात्मक रूप से खड़ा करने के प्रति सक्रिय दिखाई दे रही हैं और इसके तहत जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को अमलीजामा पहनाने के लिए हरियाणा कांग्रेस के संगठन सर्जन अभियान के तहत 22 जिला ऑब्जर्वर भी नियुक्त कर दिए गए हैं। ऑब्जर्वरों की इस सूचि में दो वैश्य समाज के नेताओं को भी पार्टी ने जगह दी है। पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने अम्बाला में पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री विजय इंद्र सिंगला व पानीपत में छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री राम सिंह अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। ये दोनों ही वैश्य नेता अपने-अपने राज्यों में पार्टी के कद्दावर नेता और वैश्य समाज का चेहरा तो है ही साथ में कांग्रेस के केन्द्रीय संगठन में भी अपनी दमदार पहचान रखते हैं। इन दोनों केन्द्रीय नेताओं के साथ पार्टी ने वैश्य समाज के क्षेत्रीय नेताओं को भी इस सूची में उनके साथ जगह दी है जिसमें प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता को रेवाड़ी व काग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लखन सिगला को गुरुग्राम में केंद्रीय ऑब्जर्वर के साथ प्रभारी नियुक्त किया है। ज्ञात रहें कि विधानसभा चुनाव से पूर्व भी पार्टी ने वैश्य समाज के नेताओं को पार्टी संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर सुशोभित किया था जिसमें अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला जैसे संगठनात्मक अनुभव रखने वाले नेता को उद्योग सैल, राकेश गर्ग को कैमीस्ट इकाई का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। इन नियुक्तियों में मिली वैश्य समाज को तरहिज के बाद अब देखना दिलचस्प होगा कि जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों में कितने वैश्य नेताओं को जगह दी जाएगी? यहां बता दे कि पिछले 16 वर्षो से वैश्य समाज का सबसे बड़ा संगठन अग्रवाल वैश्य समाज राजनीतिक दलों से प्रदेश की दो लोकसभा सीटों के साथ 16 विधानसभा सीटों तथा पार्टी संगठनों में तव्वजों दिलवाने के लिए अपना दावा ठोकता आ रहा है और ऐसे में कांग्रेस आलाकमान द्वारा भविष्य में होने वाली जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों के ऐलान के साथ अपने नेताओं को जिले की कमान दिलवाने के लिए सक्रिय हो गया है। इन सबके बीच वहीं अब बात की जाएं वैश्य समाज और कांग्रेस पार्टी की तो कभी प्रदेश में कांग्रेस का कोर वोट हुआ वैश्य समाज आज पूरी तरह उससे छिटका हुआ है जिसका मुख्य कारण पिछले कई विधानसभा चुनावों के टिकट वितरण व पार्टी संगठन में हुई वैश्य नेताओं की घोर उपेक्षा के रूप में भी देखा जा सकता है। चुनाव-दर-चुनाव समाज की इस अनदेखी ने वैश्य समाज और कांग्रेस के बीच एक गैप या यूं कहें कि एक बहुत बड़ी खाई को जन्म दे दिया था जिसे पाटने के लिए ही शायद अब कांग्रेस आलाकमान अतीत में रहें अपने इस कोर वोट को फिर से पार्टी के साथ जोडे के लिए गंभीर दिखाई दे रहा हैं। हाल ही में हुए प्रदेश के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले वैश्य समाज को अपने साथ जोडे के लिए पार्टी ने प्रयास अवश्य किया था लेकिन भाजपा की जाट-नॉनजाट की राजनीति के कारण उनकी ये रणनीति ज्यादा कारगर नहीं हो पाई। हालांकि कांग्रेस के इस प्रयास का थोड़ा असर जरूर देखा जा सकता है।

महिला और युवती से दरिंदगी: घर में घुसकर आरोपियों ने की छेड़छाड़, विरोध पर दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में महिला और किशोरी के साथ अश्लील हरकतों की घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना इज्जतनगर और दूसरी सीबीगंज थाना क्षेत्र की है। दोनों मामलों में आरोपी पड़ोसी हैं, जिन्होंने घर में घुसकर पीड़िताओं के साथ छेड़छाड़ की। आरोपी विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसका पति उत्तराखंड में मजदूरी करता है। वह बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है। 28 मई को दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस में रहने वाला राशिद पुत्र नन्हे खां उसके घर में घुस आया। मौका पाकर उसने महिला के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने जबरन उसका हाथ पकड़ लिया, मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी मौके से भाग चुका था। पीड़िता ने इज्जतनगर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीबीगंज थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात पड़ोस में रहने वाला मुकेश पुत्र राकेश कश्यप एक घर में घुस गया, जहां पीड़िता की नाबालिग बेटी सो रही थी। मौका पाकर आरोपी ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब लड़की की नींद खुली और उसने शोर मचाया तो आरोपी ने पहचान हो जाने पर उसे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो गंभीर अंजाम भुगतने होंगे। इसके बाद वह भाग निकला। किशोरी ने पूरी घटना अपनी मां को बताई, जिसके बाद परिजन थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

ईद-उल-अजहा को लेकर कस्बे में पुलिस ने किया पैदल गश्त, ठेला संचालकों को दिए निर्देश

वेलकम इंडिया

खीरी (ब्यूरो)। आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर कस्बे में शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से पैदल गश्त की ।गश्त दल का नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय, उपनिरीक्षक साधना यादव, चौकी प्रभारी खीरी नगर, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार तथा पर्याप्त पुलिस बल ने बाजार और मुख्य मार्गों पर भ्रमण किया। इस दौरान बाजार चौराहे पर सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े ठेले वालों को समझाइश देते हुए निर्देशित किया गया कि वे अपने ठेले व्यवस्थित रूप से लगाएं, जिससे यातायात बाधित न हो और जाम की स्थिति न बने ।अधिकारियों ने कहा कि शांति और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। साथ ही, आमजन से अपील की गई कि वे पर्व को सौहार्द, भाईचारे और अमन के साथ मनाएं ।थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है ।स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में पूरा सहयोग देने का भरोसा जताया।

बरेली में डिप्टी सीएम के काफिले से हादसा, दो बाइक सवार गंभीर घायल, आईसीयू में भर्ती

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। बदायूं रोड पर करगैना चौकी के सामने ट्रैफिक रोकने के दौरान डिप्टी सीएम के काफिले ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा दिया। आनन-फानन में पुलिस ने एक को रामगंगा अस्पताल में भर्ती कराया है वहीं दूसरे को मिशन अस्पताल की आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। आपको बता दें कि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक शुक्रवार को बरेली दौरे पर आए हुए थे। जिला अस्पातल का निरीक्षण करने के बाद वह अपने काफिले के साथ बदायूं रोड पर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के कार्यालय पर जा रहे थे। काफिले में सीएमओ विश्राम सिंह की गाड़ी भी सबसे पीछे चल रही थी, इस दौरान उनकी गाड़ी से दोनों लोग टकराकर गंभीर रुप से घायल हो गए। इस हादसे में बाइक सवार सुभाषनगर के इटौआ सुखदेवपुर निवासी 30 वर्षीय सुशील उर्फ वेदपाल और उसके साथी 28 वर्षीय यशपाल घायल हो गए। घायल के पिता वीरपाल ने बताया है कि सुशील और यशपाल बाइक चलाकर करगैना चौकी के पास काम पर गया था। दोपहर में वह खाना खाने निकले थे। इसी दौरान वहां से डिप्टी सीएम का काफिला गुजरा और ट्रैफिक रोक दिया गया।

गीतांजलि काव्य प्रसार मंच ने विश्व पर्यावरण दिवस पर काव्य गोष्ठी एवं पौधारोपण किया

डॉ.शंभू पंवार

नई दिल्ली। 6 जून ।राजधानी की प्रमुख साहित्यिक संस्था गीतांजलि काव्य प्रसार मंचऱ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष आभासी काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंच की प्रमुख डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत' ने की। गोष्ठी का कुशल संचालन सरिता विजय शर्मा ने किया।

इस भावनात्मक व प्रेरणास्पद आयोजन में रचनाकारों ने पर्यावरण संरक्षण के विविध पहलुओं पर अपनी सशक्त रचनाओं के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। प्रस्तुतियों में वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने, जल संरक्षण, प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक, और वृक्षों की कटाई को रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को केंद्र में रखा गया। साथ ही यह भी बताया गया कि स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करता है ।मंच की अध्यक्ष डॉ गीतांजलि नीरज अरोड़ा गीत ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने परिवार में किसी के जन्मदिन पर ,वैवाहिक वर्षगाठ पर एवं अपने पितरों की पुण्य तिथि पर हमे एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। सभी सदस्य पर्यावरण दिवस पर एक पौधा घर में या बाहर उचित स्थान पर लगाए ।कवयित्री प्रभा ने भी सुझाव दिया कि सभी के घर में आरओ लगे है उसका वेस्ट पानी को ऐसे ही नहीं बहाए, बल्कि उस पानी को साफ सफाई में काम में ले। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी में जिन कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, उनमें डॉ. नीरज मेहता, सरिता विजय शर्मा, रश्मि भटनागर, अर्चना मेहरा, देवेंद्र प्रकाश शर्मा, डॉ. शंभू पवार, ईशा भारद्वाज, लक्ष्मी अग्रवाल, सुकृति श्रीवास्तव, जयवीर सिंह अत्री, दीपिका वल्दिया, प्रभा दीपक शर्मा, भूपिंदर कौर सचदेवा, पुनीता सिंह, डॉ. अंजू अग्रवाल उत्साही, अलका जैन आनंदी, मीनाक्षी भसीन, डॉ. सुषमा गर्ग, सुनीता अग्रवाल, मनीषा शर्मा ऱभारतीऱ, सुश्री स्वाति ऱपूजाऱ, रूबी शोम, डॉ. कामना मिश्रा, डॉ. अवधेश तिवारी, अनु चौधरी (मेरठ), एवं निशा सक्सेना ।इस गोष्ठी ने न केवल काव्य प्रेमियों को एक समृद्ध अनुभव दिया, बल्कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और कर्तव्यबोध को भी प्रबल किया।

शातिर बदमाश से थाना गुलावठी पुलिस व स्वाट टीम की हुई मुठभेड़

वेलकम इंडिया

बुलन्दशहर। सिकंदराबाद सीओ ने बताया कि रात्रि मे थाना गुलावठी पुलिस व स्वाट टीम फकाना नहर के पास संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो नही रूका तथा बाइक को तेजी से मोड़कर सुनौटा की तरफ भागने लगा, तभी बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व घायल बदमाश की पहचान नईम उर्फ चिकना पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ई-11/150 जीटी रोड बुलन्द मस्जिद, शास्त्री पार्क नोर्थ-ईस्ट दिल्ली के रूप मे हुई है। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चोरी किये गये ए0सी0एम0 व बाइक बरामद हुई है।

महिला सैल व परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा 06 दम्पति को एक साथ रहने हेतु किया गया राजी

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला सैल व परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है। जिसके क्रम में पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला सैल व परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 06 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। प्रभारी महिला सैल व काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

पर्यावरण दिवस पर इम्तियाज हुसैन और आदिल अहमद ने लगाया अमरूद का पेड़ एक पौधा मां के नाम

वेलकम इंडिया

खीरी (प्रतिनिधि): विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर खीरी कस्बे के मोहल्ला पट्टी रामदास में रहने वाले इम्तियाज हुसैन और आदिल अहमद ने पर्यावरण को बचाने का संदेश देते हुए अमरूद का पौधा लगाया। खास बात यह रही कि दोनों ने यह पौधा अपनी मां के नाम पर लगाया और लोगों से भी अपने किसी खास व्यक्ति के नाम पर पौधा लगाने की अपील की ।इम्तियाज हुसैन ने कहा,जैसे मां हमें जन्म देती हैं, वैसे ही पेड़ हमें जीवन देते हैं। पेड़ न केवल हमें शुद्ध हवा देते हैं, बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखने में भी मदद करते हैं। इसीलिए मैंने यह पौधा अपनी मां के नाम पर लगाकर उन्हें सम्मान देने की कोशिश की है ।आदिल अहमद ने भी इस पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, पेड़ लगाना सिर्फ पर्यावरण की सेवा नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव भी है। अगर हम हर साल अपने किसी प्रियजन के नाम से एक पौधा लगाएं और उसकी देखभाल करें, तो इससे न सिर्फ पर्यावरण को फायदा होगा बल्कि समाज में जागरूकता भी फैलेगी ।इस मौके पर मोहल्ले के कई लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस प्रयास की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया। दोनों युवकों ने सभी लोगों से अपील की कि वे भी इस पर्यावरण दिवस पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और उसकी जिम्मेदारी खुद उठाएं ।एक पौधा मां के नाम का यह विचार लोगों को प्रकृति से जोड़ने और उसे बचाने की एक भावनात्मक और सरल पहल बनता जा रहा है।

आकाशवाणी जबलपुर में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस एवं योग दिवस

वेलकम इंडिया

आकाशवाणी जबलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया ,इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम पर योगाचार्य श्वेता जैन के द्वारा स्टॉफ के सभी सदस्यों को अर्हम ध्यान योग भी कराया गया ।कार्यक्रम निदेशक विपिन कुमार यादव जी के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।योगाचार्य श्वेता जैन ने इस उपलक्ष्य में योग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की । उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में बच्चे और युवा इंटरनेट और अन्य मीडिया और संचार प्रौद्योगिकियों के माध्यम से कई अपेक्षाओं और प्रतिस्पधाओं की वजह से तनाव में हैं ।ऐसी स्थिति में योग भावनात्मक संतुलन लाने के लिए मन और शरीर का प्रशिक्षण प्रदान करता है साथ ही स्वस्थ विकास और अच्छे मानसिक स्वास्थ्य में योगदान दे सकता है; बच्चों के लिए स्वास्थ्य संवर्धन में उनके ध्यान, आत्म-सम्मान, सशक्तीकरण और आत्म-नियमन में योग की महती भूमिका है । उनकी पूरी टीम के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया ।

हरियाली व खुशहाली के प्रतीक है पेड़-पौधे - बोहरा

वेलकम इंडिया

बाड़मेर, राजस्थान। 06 जून, 2025 । जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से थार के मरूस्थल को हरा-भरा बनाने की कड़ी में 1100 पौधे लगाने के लक्ष्य को लेकर शुक्रवार को पाबूजी राठौड गौशाला, दांता में संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 51 पौधे लगाने का आगाज हुआ।

गौशाला इंचार्ज व गौसेवक जसवन्त सिंह ने बताया कि शुक्रवार को निर्जला एकादशी के शुभ दिन जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से गौशाला में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसके तहत गौशाला में 51 पौधे लगाने आगाज हुआ। यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष जून 2024 में लगाएं गए 50 पौधे वर्तमान में बहुत अच्छी स्थिति में है, पेड़ बनने को तैयार है। जसवन्त सिंह ने बताया कि साथ ही श्री भगवानदास जेकचन्दजी छाजेड़ परिवार की ओर से ललित कुमार छाजेड, रौनक छाजेड़ हित गौभक्तों ने गौसेवा करते हुए गौमाता को एक गाड़ी हरा चारा भेंट किया। और गायों को गुड़ खिलाया। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि परिवेश में पेड़-पौधों की महती भूमिका है। इसे हमें समझना होगा। मरूभूमि में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने एवं उन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है। अमन ने कहा कि एक दिन ऐसा आयेगा जब थार का मरूस्थल पेड-पौधों से महक उठेगा। ये पेड़-पौधे सही मायनों में हरियाली व खुशहाली के प्रतीक है। इस दौरान मुकेश मालू केटीसी, मुकेश अमन, ललित छाजेड़, जसवन्त सिंह, रौनक छाजेड़ सहित गौशाला के ग्वाले उपस्थित रहे।

समस्त धर्म ग्रंथों के प्रकांड विद्वान थे ब्रह्मलीन पंडित राजवंशी द्विवेदी महाराज : स्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज

वेलकम इंडिया

वृन्दावन। चैतन्य विहार फेस - 2 स्थित संस्कार लोक गुरुकुलम में प्रख्यात अध्यात्मविद् ब्रह्मलीन पंडित राजवंशी द्विवेदी महाराज की 22 वीं पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में अव्यय पद प्राप्ति महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।सर्वप्रथम उनके चित्रपट का संतों व भक्तों के द्वारा पूजन-अर्चन किया गया ।साथ ही साथ ही उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया गया।

इस अवसर पर आयोजित सन्त-विद्वत संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए श्रीउमाशक्ति पीठाधीश्वर स्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन पंडित राजवंशी द्विवेदी महाराज वेद, पुराण, उपनिषद व शास्त्र आदि समस्त धर्म ग्रंथों के प्रकांड विद्वान थे।

विश्वविख्यात भागवताचार्य डॉ. श्याम सुन्दर पाराशर एवं डॉ. सच्चिदानंद द्विवेदी महाराज (भैयाजी) ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव ब्रह्मलीन पंडित राजवंशी द्विवेदी महाराज सहजता, सरलता, उदारता व परोपकारी के मूर्तिमान स्वरूप थे। महोत्सव के संयोजक डॉ. अशोक शास्त्री व श्यामेश शास्त्री ने कहा कि पूज्य सदगुरुदेव ब्रह्मलीन पंडित राजवंशी द्विवेदी महाराज अपने समस्त शिष्यों की एक माता की भांति देखभाल करते थे ।उनके द्वारा वेद अध्ययन करने वाले शिष्य आज विश्वभर में सनातन धर्म की पताका लहरा रहे हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं आचार्य राजेश किशोर गोस्वामी ने कहा कि ब्रह्मलीन पंडित राजवंशी द्विवेदी महाराज की ठाकुर श्रीराधा-कृष्ण और वृन्दावन के प्रति अपार निष्ठा थी ।उन्होंने श्रीधाम वृन्दावन से बाहर न जाने का संकल्प लिया हुआ था। इस अवसर पर भागवताचार्य विपिन बापू, आचार्य नेतपाल शास्त्री, संत प्रियाशरण भक्तमाली, आचार्य शिवांश भाई मिश्र, संगीताचार्य बनवारी महाराज, डॉ. प्रमोद कृष्ण शास्त्री, आचार्य दिव्यांशु गोस्वामी, रासाचार्य स्वामी रामशरण शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, स्वामी प्रेमशरण शर्मा, महन्त किशोरी शरण भक्तमाली, डॉ. रामदत्त मिश्रा, आचार्य अवधेश शास्त्री आदि रहे।

मोदी कॉलेज मे किया गया एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में पर्यावरण दिवस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। छात्रों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प लिया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स स्काउट ओर अन्य छात्रों , शिक्षकों ने लगभग 80 फलदार व विभिन्न प्रजातियों के औषधीय पौधों का रोपण एक पेड़ मां के नाम किया और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वास्थ्य और स्वच्छ प्रकृति मानव जीवन का आधार है प्रकृति को प्रदूषण और दूसरे खतरों से बचने के लिए वृक्षों का लगाना अति आवश्यक है सभी छात्रों को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण संतुलित रहेगा तो पृथ्वी पर सभी जीव अपना जीवन उचित रूप से जी सकेंगे और बीमारियां भी कम होंगी। उन्होंने बताया कि हर 30 सेकंड में प्लास्टिक प्रदूषण से एक इंसान की जान जा रही है प्लास्टिक से बनी चीज जैसे बोटल पॉलिथीन खिलौने आदि सही ढंग से नष्ट या रीसायकल नहीं होते हैं मिट्टी नदियों समुद्र में मिल जाते हैं ।इसे ही प्लास्टिक प्रदूषण कहा जाता है इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी और गणित के प्रवक्ता राजकुमार सिंह एनसीसी सीनियर विंग के इंचार्ज राजीव जांगिड़ एनसीसी जूनियर विंग के इंचार्ज प्रवीण जेनर ,संजीव चौधरी ,गौरव त्यागी, राजीव वर्मा, सतीश कुमार नितिन कुमार, रीना शर्मा, कु ज्योति आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

आरकेजीआईटी में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक

वेलकम इंडिया

गाज़ियाबाद,(अनिल वशिष्ठ)। राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का उत्सव झ हरियाली के संकल्प के साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों की भागीदारी राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान गाज़ियाबाद में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, डीन, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की ।कार्यक्रम की शुरूआत वृक्षारोपण अभियान से हुई, जिसमें संस्थान परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस वर्ष के थीम ह्रहमारी धरती, हमारा भविष्य झ हम हैं पुनर्स्थापन की पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आर.के.जी.आई.टी. के उपाध्यक्ष श्री अक्षय गोयल जी ने संस्थान के सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें सतत एवं हरित भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी डीन और विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे और संस्थान की पर्यावरणीय नीतियों को दोहरायआ। डीन डॉ आर के यादव ने अपने संबोधन में बताया कि संस्थान वर्षभर विभिन्न पर्यावरणीय उपायों जैसे वर्षा जल संचयन, कागज रहित प्रशासन और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देता है।

सांसद अतुल गर्ग का आभार व्यक्त किया

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। आपरेशन सिन्दूर के तहत भारत सरकार की तरफ से विदेशों में जाकर भारत का पक्ष रखने पर सांसद अतुल गर्ग का सम्मान डॉ पवन सिंघल के न्रेतत्व में करते हुए मोदीनगर का प्रतिनिधिमण्डल में डॉ विनय मित्तल,महेश तायल,नवीन जयसवाल,पीयूष गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

माँ की ममता और पेड़ की छांव एक जैसी: मोहम्मद असलम

वेलकम इंडिया

लखीमपुर खीरी (ब्यूरो) विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लखीमपुर शहर के वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद असलम ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का एक भावुक संदेश दिया। उन्होंने यह पौधा अपनी माँ के नाम समर्पित करते हुए कहा कि माँ की ममता और पेड़ की छांव दोनों हमें बिना किसी स्वार्थ के जीवनदायिनी देते हैं। असलम ने शहर के एक सार्वजनिक स्थल पर नीम का पौधा लगाते हुए बताया, पेड़ भी माँ की तरह होते हैं। वे हमें छाया, फल और शुद्ध हवा देते हैं। माँ का स्नेह और पेड़ की छांव दोनों ही हमें जीवन देते हैं। इसलिए मैंने इस पौधे को अपनी माँ के नाम समर्पित किया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने माता-पिता के नाम से पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। असलम ने कहा, अगर हम अपने रिश्तों को प्रकृति से जोड़ लें, तो हम पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ परिवार के बंधन भी मजबूत करेंगे। असलम लंबे समय से पत्रकारिता से जुड़े हैं और मानते हैं कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही जरूरी है जितना खबरों को सही तरीके से पेश करना। उन्होंने कहा, आज के दौर में केवल बातें करने से काम नहीं चलता, हमें जमीनी स्तर पर काम करना होगा। पेड़ लगाना छोटा काम हो सकता है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा होता है। उनकी इस पहल को स्थानीय लोगों और युवाओं ने सराहा। कई युवाओं ने उनसे प्रेरित होकर अपने माता-पिता के नाम पेड़ लगाने का संकल्प लिया। स्थानीय निवासी शहनवाज गौरी ने कहा, असलम साहब ने जो कदम उठाया है, वह बहुत सराहनीय है। माँ के लिए सम्मान व्यक्त करने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता।

जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में काईट में हुआ वृक्षारोपण अभियान आयोजित

वेलकम इंडिया

गाज़ियाबाद,(अनिल वशिष्ठ)। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में, दिल्ली-एन०सी०आर स्थित काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह, समर्पण और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान परिसर में पौधारोपण अभियान से हुई, जिसमें संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं ने मिलकर विभिन्न प्रकार के छायादार, औषधीय व फलदार वृक्ष लगाए। पौधारोपण के इस प्रयास का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी था। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो कि ₹श्री अटल बिहारी वाजपेयी जीः एक दूरदर्शी राजनेता और राष्ट्र निर्माण में उनकी अग्रणी भूमिका₹, ₹प्लास्टिक को ना कहें, ग्रह को हां कहें₹ अथवा ₹प्रदूषण से समाधान तकः प्लास्टिक कचरे को अभी समाप्त करें₹ विषय पर आधारित थे। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्रों ने अभिनय के माध्यम से पर्यावरणीय असंतुलन, प्लास्टिक प्रदूषण, वनों की कटाई और जल संकट जैसे विषयों पर प्रभावशाली संदेश दिए। इस रचनात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों को गहराई से सोचने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज गोयल ने इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, ₹पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन की गतिविधि नहीं, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। हमें अपने दैनिक जीवन में ऐसे छोटे-छोटे कदम उठाने होंगे जो प्रकृति के साथ तालमेल बिठाएं।

नगर में विभिन्न स्थानों पर शरबत की छबील लगाई गई

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर में विभिन्न स्थानों पर शरबत की छबील लगाई गई। इस दौरान क्षेत्रवासियों और राहगीरों को शरबत पिलाया गया। दरअसल निर्जला एकादशी पर शरबत का बड़ा महत्व है। इसीलिए लोग छबील लगाकर शरबत पिलाकर पुण्य हासिल करते हैं। इसी के चलते नगर में जैन स्वीट्स ,तेलमिल गेट, किडजी स्कूल सीकरी कला, बस अड्डा, गुरुद्वारा रोड़, कादराबाद जैन शिकंजी आदि स्थानों पर लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया। शरबत वितरण करने वालों में स्वदेश जैन, अनिल बंसल, अनमोल बंसल, सतीश जैन, गौरव जैन, सौरभ जैन, सुगंध जैन, देवराज मित्तल, प्रवीण मित्तल, नवीन गर्ग, अनिल सैन, राकेश, विजय शर्मा, संदीप मित्तल, अर्जुन, अंकुर, सूरज, संदीप आदि शामिल रहे।

बरहाना की बीएसएनएल सेवा 48 घंटे से बंद

बुगरासी। बुगरासी क्षेत्र के गांव बरहाना में गत 48 घंटे से बीएसएनएल की सेवा बंद है। जानकारी के अनुसार बुगरासी से बरहाना के लिए अलग फीडर बनाने के लिये बिजली की लाईन बनाई जा रही है ।जिसके चलते पोल गाडते समय बीएसएनएल के केबिल कट जाने के कारण गत 48 घंटों से बरहाना की बीएसएनएल सेवा बंद है। बीएसएनएल कर्मचारी राकेश कुमार का कहना कि बिजली वालों ने पोल के गड्ढे खोदते समय हमारी केबल काट दी जिसके चलते गत कई दिनो से बरहाना की सेवा बंद है ।फाल्ट मिल गया है ।एक जगह तो केबल जोडकर ठीक कर दी गई है ।दूसरी जगह भी कटी हुई मिली है ।उसे भी जोड रहे है ।जोडकर देखते है अगर चालू हो जाती है तो ठीक है ।फौरन सेवा चालू कर दी जायेगी।

एनवायरमेंट क्लब ने गंग नहर पर स्वच्छता चलाकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

वेलकम इंडिया

मुरादनगर ,(अनिल वशिष्ठ)। विश्व पर्यावरण दिवस पर एनवायरमेंट क्लब द्वारा बीबीए विभाग दीवान कॉलेज के साथ व मुल्तानीमल कॉलेज की एनएसएस के सहयोग से मुरादनगर गंगनहर, में वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया के नेतृत्व में करीब 50 युवाओं ने घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया और कई किलो प्लास्टिक कूड़ा साफ किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को गंगा व अन्य नदियों की स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक का उपयोग ना करने के लिए जागरूक किया गया। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण 2025 की थीम प्लास्टिक कचरे का समापन है। इसका प्रचार करते हुए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम दैनिक गतिविधियों में कम से कम प्लास्टिक का इस्तेमाल करेंगे और अपने साथ एक कपड़े का थैला लेकर जरूर चलेंगे सामान उसी में लाएंगे, ताकि प्लास्टिक हमारे घरों में भी ना प्रवेश कर सके। स्वच्छता अभियान के अंत में सभी को प्लास्टिक बहिष्कार व नदियों के संरक्षण की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर सुधीर कुमार, विधी कौशिक, अभीदत्त शर्मा, यश, सक्षम गर्ग, उत्कर्ष शर्मा, अर्शी त्यागी, आंचल, मोहित, अर्ची सिंघल, हिमानी चौधरी, हिमांशी, रिया, साक्षी, कीर्ति, काजल, राजीव, लक्ष्य निचंत, अभिषेक, दिव्यांशी, अरमान, अखिलेश, प्रियांशु, वंश व अन्य मौजूद रहे।

WORLD ENVIRONMENT DAY

पीडीआई समितियां के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। डी.पी.आर.सी., पंचली खुर्द, मेरठ द्वारा जनपद गाजियाबाद के विकास भवन के दुर्गावती सभागार में जीपीडीपी, पीडीआई समितियां के सदस्यों, मॉडल ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, तथा मीडियाकर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी , गाजियाबाद द्वारा व प्रदीप कुमार पांडे , परियोजना अधिकारी गाजियाबाद द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रजनन कर शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रदीप कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा पंचायती राज व्यवस्था पर सभी प्रतिभागियों को जानकारी दी गई ।राष्ट्रीय प्रशिक्षक सुमन उपाध्याय द्वारा सतत विकास के लक्षण का स्थानीयकरण पर, राष्ट्रीय प्रशिक्षक ब्रजवीर दहिया द्वारा एलएसडीजी 09 थीम/ थीमेटिक जीपीडीपी पर, व राज्य सलाहकार पुष्पेंद्र सिंह शाक्य द्वारा पंचायत विकास सूचकांक नया नाम पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स आदि विषयों पर सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों, प्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों को विस्तार से जानकारी दी गई ह्व प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, समस्त प्रशिक्षकगण, चरन जीत, मेरठ व डॉ दीपक सिंह, वरिष्ठ फैकल्टी, डीपीआरसी हापुड उपस्थित रहे और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सफलता पूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

स्मार्ट मीटर के खिलाफ उठने लगे विरोध के स्वर, मीटर लगाने आई टीम को बंधक बनाया

जहांगीराबाद। नगर की जनता में स्मार्ट मीटर के प्रति गुस्सा फूटने लगा है। शुक्रवार को नगर के एक मौहल्ले में स्मार्ट मीटर लगाने गई टीम को लोगो ने बंधक बना लिया। मौके पर पहुँचे वार्ड सभासदों, व्यापारी नेता और आम लोगों की मीटर लगाने आई टीम से जमकर कहासुनी हुई। वार्ड में लगे सभी स्मार्ट मीटर उतारने की मांग को लेकर पूर्व सभासद मनोज गुप्ता और व्यापारी नेता रोहित पहाड़ी स्थानीय निवासियों के साथ धरने पर बैठ गए। बता दें कि शुक्रवार को स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम टीचर्स कॉलोनी पहुंची और कुछ मकानों के मीटर बदल दिए। वहीं कुछ लोगो ने मीटर बदलने का विरोध किया तो मीटर लगाने वाली टीम भी जबरन मीटर लगाने की जिद पर अड़ गई। जिसके बाद लोगों ने वार्ड सभासद और व्यापारी नेताओं को सूचना दे दी।

बकरीद की तैयारियां पूरी आज धूमधाम से मनाया जाएगा ईद उल अजहा

मोहम्मद कैफ /वेलकम इंडिया

जौनपुर। शनिवार को पूरे देश में ईद उल अजहा बकरीद का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसी कड़ी में शुक्रवार को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में खरीदारी करने वालों की काफी भीड़ दिखाई दी। नगर के नवाब साहब के हाते में लगी बकरामंडी में आठ हजार से लेकर 40 हजार रुपए तक के बकरे बिक रहे थे। महंगाई के इस दौर में बकरे का दाम आसमान छू रहा था लेकर कुरबानी हर परिवार के लोगों को कराना जरूरी है, ऐसे में लोग मोल भाव कर अपने हिसाब से बकरा, बकरी को खरीद रहे थे। आमद कम होने के चलते दाम जहां बढ़ रहा था तो रात्रि तक इसकी खरीदारी में जुटे रहेंगे। सुल्तानपुर बकरामण्डी से आदम कम होने के चलते इस बार बाराबंकी से बकरों के आने से वाहन का खर्चा बढ़ गया था, ऐसे में पिछले साल से दामों में 20 से 25 प्रतिशत महंगे बकरे बाजार में बिक रहे थे। वहीं सेवइयों की दुकान पर भी काफी भीड़ नजर आ रही थी। लोग अपने घरों में मेहमाननवाजी करने वाले दोस्त, रिश्तेदार व अन्य लोगों को साथ मिलकर मनाने के लिए आमंत्रित करते हैं। वहीं ईद उल अजहा की नमाज की तैयारी भी शाही ईदगाह मछलीशहर पड़ाव पर कमेटी द्वारा कराई गई है। वहीं सदर इमामबाड़ा बेगमगंज में शिया समुदाय की नमाज 9 बजे मौलाना महफ़ुजुल हसन खां कराएंगे। नगर पालिका द्वारा भी साफ सफाई प्रत्येक मोहल्ले में कराई जा रही है तो वहीं प्रशासन भी बकरीद के पर्व को देखते हुए मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अपनी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किए हुए हैं।

होटल कारोबारी की हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। नंदग्राम थाना क्षेत्र में एक जून की रात होटल कारोबारी राहुल डागर की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त अवैध पिस्टल, दो जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद किए हैं। हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि एक जून की रात राजनगर एक्सटेंशन की क्लासिक रेजीडेंसी सोसाइटी के सामने सिकरोड निवासी होटल कारोबारी राहुल डागर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात में राहुल का भतीजा आशीष डागर भी घायल हो गया था। जांच में सामने आया कि हत्या की साजिश नागेंद्र चौधरी, मनीष चौधरी, मोहित चौधरी, रितेश बिंदल, रोहित शर्मा उर्फ मंत्री और प्रदीप शर्मा ने मिलकर रची थी। गुरुवार रात पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल मोहित चौधरी और रितेश बिंदल को गिरफ्तार किया। मोहित मूल रूप से मुजफ्फरनगर के रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर नंगली का रहने वाला है, जबकि रितेश नजफगढ़ दिल्ली के दिल्ली गेट मोहल्ले की शनि मंदिर वाली गली का निवासी है। हत्या के पीछे चार मुख्य वजहें सामने आई हैं पुराने कारोबारी संबंधों में दरार, होटल की रकम को लेकर विवाद, एक युवती से जुड़े रिश्ते और आपसी रंजिश। राहुल डागर पहले नागेंद्र के साथ कबाड़ का कारोबार करता था, लेकिन बाद में उसे किनारे कर दिया गया। होटल की रकम को लेकर भी उसका नागेंद्र और मनीष से विवाद चल रहा था। वहीं, हल्द्वानी की एक युवती से राहुल के संबंध थे, लेकिन नागेंद्र बाद में उसके नजदीक आ गया। इसको लेकर भी दोनों के बीच गहरी रंजिश पनप गई। इसके अलावा राहुल ने एक अन्य युवती की शादी रोकने की कोशिश की थी, जिसे नागेंद्र बहन मानता था और उसी ने उसकी शादी करवाई थी। इस घटनाक्रम ने विवाद को और भड़का दिया। राहुल की नाराजगी मोहित से भी थी, जिसे वह अपने रिश्ते, कारोबार और प्रभाव में बाधा मानता था। 21 मई को राहुल ने मोहित की सोसाइटी में पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट भी की थी, जिससे मामला और उग्र हो गया। एसीपी पूनम मिश्रा के अनुसार, एक जून की रात राहुल डागर ने रितेश बिंदल की गाड़ी सोसाइटी के बाहर खड़ी देख ली और उसे नीचे बुला लिया। उस वक्त रितेश अन्य आरोपियों के साथ पार्टी कर रहा था। नीचे आते ही सभी ने राहुल पर हमला कर दिया। मोहित ने पहले गोली मारी और फिर उसके सीने पर बैठकर गला दबा दिया। पुलिस के अनुसार, रितेश से भी राहुल का तीन लाख रुपये का लेनदेन विवाद चल रहा था। इसको लेकर राहुल ने उसे धमकियां भी दी थीं और रितेश की पत्नी और बेटे को भी डराया था। इसके चलते रितेश ने 31 मई को राहुल और उसके बहनोई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। घटना के मुख्य आरोपी रोहित शर्मा उर्फ मंत्री की पहचान दिल्ली निवासी के रूप में हुई है, जबकि प्रदीप शर्मा भी अन्य अज्ञात आरोपियों में शामिल है। पुलिस की कई टीमें इन फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हैं और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किए जाने की संभावना है।

छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक समारोह की तैयारी पूरी, नवयुग मार्केट में 8 जून को होगा भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

पत्रकार वार्ता
भारतमाता सांस्कृतिक संस्थान

गाजियाबाद। हर वर्ष की भांति भारत माता सांस्कृतिक संस्थान इस बार भी छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक समारोह भव्य रूप से आयोजित करने जा रहा है। शुक्रवार को कार्यक्रम की जानकारी एक प्रेसवार्ता के माध्यम से देते हुए संस्थान के अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारतीय इतिहास में हिन्दवी स्वराज की नींव का प्रतीक है, जिसने मु$गल साम्राज्य की निरंकुशता को चुनौती दी और स्वराज की भावना को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक घटना को हिन्दू साम्राज्य दिवस के रूप में मनाते हुए इस वर्ष का कार्यक्रम 8 जून को शाम 5:30 बजे नवयुग मार्केट, गाजियाबाद में आयोजित होगा। समारोह में महाराणा प्रताप की 77वीं पीढ़ी के वंशज महाराजा विश्वराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राहुल सिंह करेंगे। संस्थान के सदस्य सुशील कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के पहले सत्र में 35 महिला वाहिनी का दल बुलेट पर सवार होकर तलवारबाजी का प्रदर्शन करेगा, जो महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देगा। यह यात्रा ठाकुरद्वारा मंदिर से प्रारंभ होकर चौपाला होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। साथ ही 500 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में बाल शिवाजी, माता जीजाबाई, महाराणा प्रताप और महारानी अबक्का के स्वरूप में बच्चे भाग लेंगे। मंच पर बाल शिवाजी का राज्याभिषेक माता जीजाबाई स्वरूप द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा।

विकास भवन के पीछे पैनल जलकर हुआ राख

गाजियाबाद। शहर के व्यस्त विकास भवन परिसर में शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कार्यालय के पीछे बिजली के पैनल में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी को घटनास्थल तक पहुंचने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड को विकास भवन की सड़क पर दोनों ओर बेतरतीब खड़ी गाडियों के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में देरी हुई। संकरी सड़क और अव्यवस्थित पार्किंग के चलते गाड़ी को अंदर ले जाना बेहद मुश्किल हो गया।

ईद-उल-अजहा पर गाजियाबाद पुलिस हाई अलर्ट पर

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। पवित्र पर्व ईद-उल-अजहा को लेकर गाजियाबाद पुलिस पूरी तरह से सतर्क और मुस्तैद है। शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस हाई अलर्ट मोड पर है। जिलेभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को समय रहते टाला जा सके। पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी फोर्स के साथ खुद क्षेत्र में पैदल गश्त कर रहे हैं और हालात का जायजा ले रहे हैं। वहीं, अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में सभी धर्मों के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर आपसी सौहार्द और सहयोग की अपील की गई है। पुलिस प्रशासन की यह मुहिम त्योहार को शांतिपूर्वक और उल्लास के साथ मनाने के लिए है।

फाइनेंस कंपनी द्वारा सील किया गया फ्लैट तोड़कर किया कब्जा

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। ट्रांस हिंडन क्षेत्र के शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फाइनेंस कंपनी द्वारा सील किए गए फ्लैट पर जबरन कब्जा कर लिया। कंपनी के अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुग्राम स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी के अधिकृत अधिकारी राज तोमर ने थाना शालीमार गार्डन में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी ने पहले एक व्यक्ति को फ्लैट खरीदने के लिए ऋण मुहैया कराया था, लेकिन समय पर किस्तों का भुगतान नहीं किया गया। इसके चलते कंपनी ने कानूनी प्रक्रिया के तहत फ्लैट को सील कर दिया था। हालांकि, इसके बावजूद संबंधित व्यक्ति ने न सिर्फ सील तोड़ी, बल्कि फ्लैट पर दोबारा कब्जा भी कर लिया। कंपनी द्वारा कई बार मौखिक और लिखित रूप से उसे फ्लैट खाली करने को कहा गया, लेकिन उसने बात नहीं मानी। अंततः कंपनी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है। फाइनेंस कंपनी ने इसे संपत्ति अधिकारों का उल्लंघन और नियमों की खुली अवहेलना बताया है। इस घटनाक्रम के बाद कंपनी के अधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर फ्लैट खाली कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी वित्तीय संस्था की संपत्ति से इस तरह की छेड़छाड़ न हो।

कोविड संक्रमण फिर से बढे लगा, जिले में नया मामला सामने आने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। जिले में कोविड संक्रमण का खतरा फिर से गंभीर होता दिख रहा है। बीते 24 घंटे में जिले में एक नया कोविड पॉजिटिव मामला सामने आया है, जिससे संक्रमितों की कुल संख्या 54 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई और निगरानी के कारण फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बनी हुई है। हाल ही में कोविड पॉजिटिव पाई गई महिला 32 वर्षीय वासुंधरा क्षेत्र की निवासी है, जो गर्भवती है और पिछले पाँच दिनों से ठंडी खांसी से पीड़ित थी। प्रारंभिक जांच में कोई गंभीर लक्षण नहीं पाए गए हैं, इसलिए उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है और चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार घर पर ही किया जा रहा है। जिले में इस समय कुल 18 सक्रिय मामले हैं, जिनमें से 16 मरीज होम आइसोलेशन में हैं, जबकि 2 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। दोनों अस्पताल में भर्ती मरीजों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और उन्हें पूरी चिकित्सकीय सुविधा दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमित महिला के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर उनकी जांच शुरू कर दी है। संबंधित क्षेत्र में सैनिटाइजेशन का कार्य भी तेज किया गया है। साथ ही लोगों को मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने और लक्षण दिखते ही जांच करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि स्थिति अभी चिंताजनक नहीं है, लेकिन सतर्कता बेहद जरूरी है। विशेषकर गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग अधिक सावधानी बरतें। जिले में निःशुल्क कोविड परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी लक्षण को हल्के में न लें और समय रहते जांच व आइसोलेशन का पालन करें ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और आवश्यक संसाधन पूरी तरह से उपलब्ध कराए गए हैं।

नोएडा फेस 1 पुलिस ने 4 शातिर चोरों को 26 दो पहिया वाहन के साथ किया गिरफ्तार, थ्री व्हीलर से करते थे रेकी

वेलकम इंडिया

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर। जिला गौतमबुद्धनगर की थाना फेस 1 पुलिस ने ऐसे एक अंतरराज्य गिरोह के 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो थ्री व्हीलर ऑटो से रेकी कर दो पहिया वाहनों को चुराने का कार्य करते थे। पकड़े गए बदमाशों की निशान देही पर चोरी की 26 मोटरसाइकिल ने जिनमें से 16 वाहन नोएडा से ही कनेक्ट हुए है। चोरी में प्रयुक्त एक ऑटो थ्री व्हीलर वे चार चाकू बरामद हुए है। बीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया पकड़े गए बदमाशो में कुंदन उर्फ कुबेर, राहुल, अमित दिल्ली से है तथा संकल्प थाना बादलपुर नोएडा से है। इस गैंग का सरगना कुंदन उर्फ कुबेर है। जो नोएडा एनसीआर की कॉलोनियों सोसाइटियों व कम्पनी से वाहन चोरी की वारदात करने में माहिर है। पहले क्षेत्र में बरामद ऑटो से आकर रैकी करते तथा रैकी करने के उपरान्त कम्पनी व फैक्ट्री तथा पार्क के आस पास खड़ी मोटरसाइकिल व स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी करके ले जाते है। जो मोटरसाइकिल व स्कूटी स्टार्ट नही हो पाती, उसको ऑटो में ले जाते है। चुराए हुए वाहनों को सुरक्षित स्थानो पर छिपा देते थे बाद में करीब 5 हजार रुपए में उन्हें बेच देते थे।

नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से दो दर्जन से अधिक मोटर साइकिल, स्कूटी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

गौकशी हत्या करने वाले 3 बदमाशों को मुठभेड़ में ट्रॉनिका पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान 03 शातिर गोकशों को गिरफ्तार किया है जिनमें से दो बदमाशों को घायल तथा तीसरे को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 02 तमंचा देशी 315 बोर जिसकी नाल में खोखा कारतूस फंसा हुआ, दो जिन्दा कारतूस, 01 काले रंग का पिट्ठू बैग जिसके अंदर मीट काटने के उपकरण छुरी, गडासा, रस्सी के टुकडे, बेहोशी का इंजैक्शन, सीरिंज आदि व घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट चोरी की काले रंग की एक्स-ट्रीम मोटर साइकिल बरामद हुई हैं। जो कि दिल्ली क्षेत्र से चुराई गई थी। लोनी एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया ट्रॉनिका पुलिस ने 3 बदमाश बागपत के रहने वाले शहजाद उर्फ इंतेजार उर्फ भूषण, गाजियाबाद के याहिया खान तथा जुल्फिकार को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान एक बाइक आते दिखाई दी जिसे रोकने का इशारा स किया गया तो वह भागते हुए पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे, आत्मरक्षार्थ में में पुलिस ने फायरिंग की मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया तथा तीसरे को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रेस नोट के हिसाब से बदमाश शहजाद उर्फ इंतेजार उर्फ भूषण पर 1 दर्जन अपराधिक इतिहास है परन्तु सूत्रों का कहना है करीब 40 मुकदमे बदमाश पर दर्ज है। गौकशी करने के उपरांत अपने साथ ई रिक्शा से टुकड़ों को बौरा बंद कर ले जाने का उपयोग किया जाता था।

रेस्टोरेंट के बाहर से युवक की बाइक चोरी

गाजियाबाद। ट्रांस हिंडन क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। ताजा मामला शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवक की बाइक रेस्टोरेंट के बाहर से चोरी हो गई। युवक खाना खाने के लिए रेस्टोरेंट में गया था और जब लौटा, तो बाइक गायब थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शालीमार गार्डन निवासी विजय कुमार ने बताया कि एक जून की रात लगभग आठ बजे वह शालीमार गार्डन मैन रोड पर स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी की थी और निश्चिंत होकर अंदर चले गए।

बाहरी राज्यों के विवाह पर कड़ी पाबंदी, नई गाइडलाइन जारी

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। बाहरी राज्यों से आकर शादी करने वालों पर अब गाजियाबाद प्रशासन ने सख्त नियम लागू कर दिया है। हाल ही में नई गाइडलाइन जारी की गई है, जिसे पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। इस नए नियम के तहत केवल उन्हीं जोड़ों की शादी कोर्ट में रजिस्टर्ड होगी जिनका विवाह पंडित, मौलवी, पादरी, सिख या अन्य धर्म के पुरोहित द्वारा वैध रूप से कराया गया हो। जिले में पिछले कुछ महीनों में बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों के लोग आकर शादियां करा रहे थे। पांच महीनों में नौ हजार से अधिक रजिस्टर्ड मैरिज हुई थी। जांच में पता चला कि कई शादियां बिना धार्मिक रस्मों के सिर्फ विदेश जाने या अन्य काम के लिए पंजीकृत कराई जा रही थीं। मार्च से मई तक इन शादियों की संख्या में तेज गिरावट आई, लेकिन अब नई गाइडलाइन लागू होने के बाद नियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा। नई गाइडलाइन के अनुसार शादी कराने के लिए वर या वधू में से किसी एक का गाजियाबाद का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य होगा। अगर दोनों स्थानीय निवासी नहीं हैं, तो दोनों पक्षों के माता-पिता में किसी एक का स्थानीय निवासी होना जरूरी है। इसके अलावा शादी से पहले पंडित या अन्य धर्मगुरु द्वारा विवाह संपन्न कराने का शपथ पत्र जमा करना होगा।

मॉर्निंग वॉक पर निकले बृज विहार आरडब्ल्यूए अध्यक्ष समेत दो की सड़क हादसे में मौत

गाजियाबाद। शहर के राजनगर एक्सटेंशन में शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बृज विहार आरडब्ल्यूए के 57 वर्षीय अध्यक्ष सुभाष चौहान और उनके साथी 45 वर्षीय कमलेश यादव की मौत हो गई। दोनों मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे कि तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें रोटरी टर्न के पास जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे ही दोनों रोटरी के पास पहुंचे, तेज गति से आ रहा वाहन अचानक मुड़ा और दोनों को टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया।

गाजियाबाद जेल में मुलाकातियों के साथ हो रहा फजीवाड़ा, जेल अधीक्षक ने की कड़ी कार्यवाही

वेलकम इंडिया

इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद। गाजियाबाद की डासना जिला कारागार में जेल अधीक्षक ने जेल के बाहर मुलाकातियों की पर्ची बनाने वाले स्थान पर टीम के साथ छापेमार की कार्रवाई करते हुए पिटिशन लेखक का लाइसेंस कराया निरस्त।

दरअसल यहां शिकायत मिल रही थी कि एक पर्ची बनाने वाला मुलाकातियों से मिलाई की पर्ची बनाने के एवज में अवैध रूप से पैसों की उगाही कर रहा है। इसी शिकायत पर जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने पर्ची घर पर टीम के साथ छापेमारी की। कार्रवाई में पर्ची बनाने वाले पर लगे आरोप सही पाए गए। गाजियाबाद जिला डासना कारागार के जेल सुपरिंटेंडेंट सीताराम शर्मा ने बताया कि उनको शिकायत मिली थी कि जेल में बंद कैदियों से जो लोग मुलाकात करने आते हैं, उनकी पर्ची बनाने के नाम पर एक पिटीशन लेखक पैसे वसूल रहा है। इस शिकायत के संज्ञान में आने के बाद खुद जेल अधीक्षक साधे कपड़ों में अपनी टीम के साथ मुलाकात घर पहुंचे। यहां उन्होंने देखा की एक पिटीशन लेखक जिसका नाम कुलदीप है, वह जल्द पर्ची बनाने के नाम पर लोगों से अधिक पैसा ले रहा है. शासन स्तर से मुलाकात की पर्ची का शुल्क 10 रुपए रखा गया है।